

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 09 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-161 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## युवाओं के लिए 500 करोड़ का स्टार्टअप मिशन

**कैबिनेट की बैठक**

- स्टार्टअप से रोजगार तक, सरकार का बड़ा फैसला
- युवाओं के लिए रोजगार और कौशल का रोडमैप
- स्टार्टअप मिशन को मंजूरी, 500 करोड़ होंगे खर्च
- सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत, आयु सीमा 45 साल

रायपुर,9 सितंबर। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार के नए अवसर सृजित करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं NIPUN मिशन' को मंजूरी दी है। मिशन के लिए आगामी पांच वर्षों हेतु 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत सभी 33 जिलों में उद्यमिता विकास केंद्र, 100 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब और 5 इंडस्ट्री एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे तथा NIPUN JOB Engine के माध्यम से उद्योगों की जरूरत के अनुरूप कौशल विकास और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मिशन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के साथ ही उन्हें जॉब-सीकर से जॉब-क्रिएटर बनाना और छत्तीसगढ़ को स्टार्टअप, नवाचार एवं नई तकनीक आधारित उद्योगों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य को देश के प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ निर्यात प्रोत्साहन नीति 2026-30' को मंजूरी दी है। नई नीति के माध्यम से प्रदेश में मजबूत निर्यात इकोसिस्टम और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, निर्यातकों को बेहतर बाजार पहुंच एवं व्यापार सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कृषि एवं



औद्योगिक क्षेत्रों में मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस नीति के तहत ई-कॉमर्स, व्यापार मेलों एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों और निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच बढ़ाई जाएगी। इस नीति का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के निर्यात में गुणात्मक एवं मात्रात्मक वृद्धि के साथ प्रदेश को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजारों से और मजबूती से जोड़ना है।

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर में नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय को ग्राम तेंदुवा में 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। लगभग 200 करोड़ रूपए की लागत से विकसित होने वाले इस संस्थान में आधुनिक शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं छात्रावास सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों में प्रतिवर्ष 1,000 तथा अल्पकालीन कार्यक्रमों में 3,000 प्रशिक्षुओं को आज के उद्योगों की जरूरत के अनुरूप आधुनिक तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए उन्नत कौशल प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा नवा रायपुर को देश में कौशल एवं तकनीकी शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन के अधीन कार्यरत स्थायी/अस्थायी शासकीय सेवकों, निगम-मंडल एवं स्वशासी संस्थाओं के कर्मचारियों, संविदाकर्मियों तथा नगर सैनिकों को अन्य शासकीय सेवाओं एवं उच्च पदों के लिए आवेदन करने में बड़ी राहत देते हुए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष से बढ़ाकर 45 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय से शासकीय एवं संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को उच्च पदों एवं अन्य सेवाओं में आगे बढ़ने के अधिक और समान अवसर प्राप्त होंगे। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा एकीकृत स्थायी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। मंत्रिपरिषद ने दुर्ग जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के लिए ग्राम तितुरडीह में बीआईटी कॉलेज के समीप 4 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम दर्ज उक्त भूमि के बदले ग्राम पाहंदा, तहसील पाटन में 5.024 हेक्टेयर शासकीय भूमि भिलाई इस्पात संयंत्र को दी जाएगी। दोनों भूखंडों का वर्तमान मूल्य लगभग समान है। इस निर्णय से दुर्ग में जिला न्यायालय के लिए आधुनिक एवं सुव्यवस्थित नवीन न्यायालय परिसर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और न्यायिक अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## ससुर की हत्या के लिए बहू ने बनाए थे 3 प्लान, दो फेल हुए तो चाकू से मार डाला

**कानपुर, 9 सितंबर।** अरबपति दवा कारोबारी विनीत मिनोचा की हत्या की साजिश पांच महीने से चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, कारोबारी की बहू शालू ने ससुर की हत्या के लिए ए, बी और सी तीन प्लान बनाए थे। पहला प्लान सड़क पर हादसा कराने का था, लेकिन सुपारी किलर ने अपनी जान का खतरा बताते हुए इसे करने से मना कर दिया। दूसरा प्लान तकिए से मुंह दबाकर हत्या का था, लेकिन कमरे की लाइट जलने से यह भी फेल हो गया। आखिरकार तीसरे प्लान में चाकू से हमला कर कारोबारी की हत्या कर दी गई। कल्याणपुर के रतन ऑर्बिट में शनिवार रात विनीत मिनोचा की चाकू घोंपकर हत्या हुई थी। पुलिस ने करीब आठ घंटे में वारदात का खुलासा करते हुए विशाल गौतम और राजकिशोर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शालू ने दोनों को छह लाख रुपए की सुपारी दी थी। विशाल पहले कारोबारी के घर में नौकर रह चुका था। ससुर की टोकाटाकी और खर्च का हिसाब मांगने से नाराज होकर शालू ने हत्या की साजिश रची। डुप्लीकेट चाबी से फ्लैट में घुसे थे




पुलिस के मुताबिक, शालू रात 9:36 बजे पति सुब्रत और बेटे के साथ बाहर निकली। आठ मिनट बाद दोनों आरोपी डुप्लीकेट चाबी से फ्लैट में दाखिल हुए और शालू के कमरे में छिपकर विनीत के लौटने का इंतजार करने लगे। करीब 74 मिनट बाद विनीत घर पहुंचे। कपड़े बदलने और खाना खाने के बाद वे शालू के कमरे में पहुंचे और लाइट जला दी। दोनों आरोपियों को देखकर उन्होंने पूछा कि तुम यहां क्या कर रहे हो। तभी विशाल ने चाकू से कई वार कर दिए। जांच में सामने आया कि 1 मई से वारदात वाले दिन तक शालू और विशाल के बीच 309 बार कॉल हुई। इनमें वाट्सऐप कॉल भी शामिल हैं। पुलिस को 49 डिलीट वाट्सऐप चैट भी मिली हैं। पुलिस का मानना है कि इन्हीं बातचीत के जरिए हत्या की पूरी साजिश तैयार की गई। शालू ने विशाल को पैसे के साथ दोबारा नौकरी और अच्छे वेतन का भरोसा भी दिया था।

## छत्तीसगढ़ से छीनी वंदेभारत स्लीपर

**बिलासपुर,9 सितंबर।** भारतीय रेलवे की सबसे बहुप्रतीक्षित और आधुनिक 'वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस' की पहली खेप हासिल करने के लिए देश के तमाम रेल मंडलों के बीच खींचतान तेज हो चुकी है। इस हाई-स्पीड रेस में पश्चिम मध्य रेलवे (जबलपुर जोन) ने बाजी मारते हुए बाजी अपने नाम कर ली है। जबलपुर मंडल ने जबलपुर से देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए पूरी समय-सारणी और मेंटेनेंस चार्ट बनाकर रेलवे बोर्ड की टेबल पर रख दिया है। इसके ठीक उलट, पूरे देश में रेलवे की तिजोरी सबसे ज्यादा भरने वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (बिलासपुर जोन) अपनी पुरानी ढर्रे वाली कार्यप्रणाली के कारण इस रेस में पूरी तरह पिछड़ गया है। बिलासपुर से अब तक इस विश्वस्तरीय ट्रेन को लेकर कोई ठोस रूपरेखा बोर्ड को नहीं भेजी जा सकी है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, जबलपुर से नई दिल्ली के बीच 909 किलोमीटर का फासला यह ट्रेन मात्र 11 घंटे 30 मिनट में तय कर लेगी। इसके मेंटेनेंस के लिए जबलपुर यार्ड को ही प्राइमरी डिपो घोषित किया गया है। यह ट्रेन रास्ते में कटनी मुड़वारा, दमोह और सागर जैसे प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों पर रुकेगी। दूसरी तरफ, बिलासपुर समेत



समूचे छत्तीसगढ़ के लाखों यात्री बीते कई वर्षों से मुंबई, दिल्ली और कोलकाता के लिए रोजाना चलने वाली प्रीमियम ट्रेनों की गुहार लगा रहे हैं। मालभाड़े और कमाई के मामले में बिलासपुर जोन पूरे देश में शीर्ष पायदान पर काबिज है, लेकिन जब बात यात्रियों को आधुनिक ट्रेनों की सौगात देने की आती है, तो प्रशासनिक उदासीनता आड़े आ जाती है। बिलासपुर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सांसदों ने दिल्ली रूट पर 'संपर्क क्रांति' के ट्रैक पर वंदे भारत स्लीपर चलाने का मुद्दा रेलवे के शीर्ष मंचों पर उठाया था। इसके बावजूद, एसईसीआर का आला प्रशासनिक अमला समय रहते कोई सटीक टेक्निकल प्रस्ताव और टाइम-टेबल तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजने में नाकाम रहा। हालांकि बिलासपुर के कोचिंग डिपो को आधुनिक स्वरूप देने का निर्माण कार्य चल रहा है, मगर रैक हासिल करने के लिए बोर्ड में औपचारिक दावेदारी प्रस्तुत न कर पाना बिलासपुर जोन की बड़ी नाकामी मानी जा रही है। जबलपुर द्वारा त्वरित प्रस्ताव भेजने के बाद अब पहली स्लीपर ट्रेन का आवंटन उसी मंडल को होना तय माना जा रहा है, जिससे बिलासपुर अंचल के रेल यात्रियों के हाथ एक बार फिर मायूसी ही लगी है।

## पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल बीजेपी चलाएगी 'सेवा संकल्प अभियान'

**नई दिल्ली,9 सितंबर।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पीएम मोदी का सफर एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में प्रारंभ हुआ और आज देश के प्रधान सेवक के रूप में उन्होंने कार्यों को आगे बढ़ाया है. भाजपा अध्यक्ष ने बुधवार को कहा कि पीएम मोदी के सत्ता संभालने के समय देश में निराशा का माहौल था. अपने नेतृत्व में युवाओं को इससे बाहर निकाला. प्रेस कॉन्फ्रेंस में नवीन ने कहा, पीएम मोदी के सेवा के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं. मोदी सरकार के नेतृत्व में 25 करोड़ गरीब परिवार गरीबी से बाहर आए. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जाएगा और यह 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने चलेगा. पीएम मोदी जल्द ही सार्वजनिक जीवन में अपने 25 साल पूरे करने वाले हैं. भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, इस अवसर पर अन्होंने कहा कि आज हम यहां 'सेवा संकल्प अभियान' पर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए हैं. 7 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसेवा के 25 साल पूरे हो रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, और पार्टी की ओर से चलाए जा रहे खास कार्यक्रमों की जानकारी दी. भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 25 करोड़ गरीब परिवार गरीबी से बाहर आए और भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी. आज वो देश का नेतृत्व कर रहे हैं. नितिन नवीन ने कहा, गरीबों तक राशन पहुंचाने से लेकर कोविड के दौरान मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराने और 4 करोड़ लोगों को मुफ्त आवास देने तक प्रधानमंत्री ने लगातार काम किया है. पीएम मोदी के जनसेवा की यात्रा जारी है.राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पिछले 25 सालों में, उन्होंने जनसेवा से राष्ट्रसेवा की ओर बढ़ने के मंत्र को अपनाते हुए सेवा का यह सफर लगातार जारी रखा. हम प्रधानमंत्री के पूरे कार्यकाल को इस नज़रिए से देख सकते हैं.



### भाजपा प्रदेश मुख्यालय में वीडी शर्मा ने ली बैठक

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान को गति देने के लिए सांसद एवं राष्ट्रीय संकुल संयोजक वीडी शर्मा छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। आज उनकी मौजूदगी में राजधानी रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अहम बैठक जारी है, जिसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हैं। बैठक में सेवा संकल्प अभियान की आगामी रूपरेखा, कार्यक्रमों और संगठन स्तर पर इसकी तैयारियों को लेकर मंथन किया जा रहा है। बता दें कि सेवा संकल्प अभियान के लिए गठित 13 टोलियां भी बैठक में शामिल हैं। इस दौरान अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि बैठक में सेवा संकल्प अभियान को संगठन के स्तर पर और प्रभावी बनाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। अभियान से जुड़े आगामी कार्यक्रमों और जिम्मेदारियों को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ चर्चा होगी।

## नकली बीज पर कसेगा शिकंजा नया सख्त कानून लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, 9 सितंबर।** नकली और घटिया बीज बेचने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। केंद्र सरकार 1966 के पुराने बीज अधिनियम की जगह नया और आधुनिक 'बीज कानून' लाने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रस्तावित कानून पर किसान संगठनों की राय लेने के लिए 10 सितंबर को कृषि भवन में उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। इसमें देशभर के किसान नेता शामिल होंगे। बैठक में प्रस्तावित कानून के ड्राफ्ट पर चर्चा के साथ किसानों की जमीनी समस्याएं भी सुनी जाएंगी। भारतीय किसान संघ, भारतीय किसान यूनियन, ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमिटी और साउथ इंडियन फार्मर्स एसोसिएशन समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रस्तावित कानून में नकली या घटिया बीज बेचने वालों पर भारी जुर्माने के साथ जेल की सजा का प्रावधान किया जा सकता है। बीज की गुणवत्ता और पूरी सप्लाई चेन पर निगरानी के लिए क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग व्यवस्था लागू करने की योजना है। इससे बीज के स्रोत से लेकर किसान तक पहुंचने की जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज रहेगी। कृषि मंत्री चौहान पहले ही कह चुके हैं कि 1966 का कानून मौजूदा दौर की तकनीक और डेटा व्यवस्था के लिहाज से पुराना हो चुका है। सरकार नए कानून में ट्रेसेबिलिटी, डिजिटल रिकॉर्ड और जवाबदेही को केंद्र में रखना चाहती है। चौहान के मुताबिक, सरकार का लक्ष्य किसानों को भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है। अच्छी कंपनियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि बीज के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सूरत के टेक्सटाइल मार्केट में आग

**सूरत,9सितंबर।** सूरत के सरोली इलाके में स्थित श्याम संगिनी टेक्सटाइल मार्केट में भीषण आग लग गई है। आग बुझाने के लिए करीब 20-22 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं, क्योंकि दमकलकर्मी मार्केट की ऊपरी मंजिलों पर फैल रही तेज लपटों और घने धुएं से जूझ रहे थे। बचाव अधिकारियों के मुताबिक, फायर कंट्रोल रूम को पहली इमरजेंसी कॉल रात करीब 12:52 बजे मिली, जिसके बाद पास के तीन फायर स्टेशनों से तुरंत दमकल गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। सूरत नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारिख ने बताया कि आग से प्रभावित मंजिलों की काफी ऊंचाई के कारण टर्नटेबल लैडर और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से आग बुझाने का काम किया जा रहा है। पारिख ने बताया, 'दमकलकर्मी धुएं से भरे परिसर में घुसने और प्रभावित मंजिलों तक पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए ब्रीदिंग अपैरेटस सेट का इस्तेमाल कर रहे हैं।' इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### निर्मल कोसरे संभालेंगे अनुसूचित जाति विभाग की कमान

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने एक बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग का निर्मल कोसरे को अध्यक्ष बनाया गया है. मंगलवार रात को निर्मल कोसरे की नियुक्ति का लेटर जारी किया है. वहीं प्रशांत



किशोर को झारखंड का अध्यक्ष बनाया गया है. केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद ये लेटर जारी किया गया है.निर्मल कोसरे की नियुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ में बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं. निर्मल कोसरे चरोदा भिलाई नगर निगम के महापौर हैं. उन्होंने अहिवारा विधानसभा सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ा था हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं. कांग्रेस की वापसी कराईकांग्रेस ने चरोदा भिलाई निगम में जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई थी. जिसके बाद 20 साल बाद भिलाई चरोदा नगर निगम में कांग्रेस के निर्मल कोसरे ने महापौर के पद पर जीत हासिल की थी.

### राजधानी के गोलबाजार में उठाईगिरी

**रायपुर,9 सितंबर।** राजधानी के गोलबाजार इलाके में दिनदहाड़े 50 हज़ार रुपए की उठाईगिरी हुई है. शिकार होने वाले कारोबारी सुंभाष गंगवानी हैं, जो धमतरी से गोलबाजार, रायपुर खरीदी के लिए आए थे. कारोबारी की शिकायत पर गोलबाजार थाना में अपराध दर्ज किया गया है. पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बांसपारा, धमतरी निवासी सुभाष गंगवानी ने बताया कि मंगलवार को धमतरी से बस मे बैठकर रायपुर के पचपेड़ी नाका पहुंचा, जहां से गोलबाजार जाने के लिए आटो में बैठा. उस वक्त उसके पास काले रंग के बैग में 50,000 रुपए था. गोलबाजार थाने के पास उतरकर बंजारी मंदिर तरफ गया. इस दौरान बैग को देखने पर अंदर रुपए नहीं मिले. प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है.

## सुविधाओं के होते हुए क्यों मिल रही असफलता ?

**आलेख . जसवंत कुमार क्लॉडियस,वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छत्तीसगढ़.**

### खेलकूद में उपलब्धि के लिए अब भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रयास तेज

इतिहास के पन्ने को पलटने से साफ हो जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की ऐतिहासिक सफलता का अवसर कभी कभी आया है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय खिलाडि़यों के विश्व मंच में उल्लेखनीय कामयाबी की बात करें तो हाकी में 1948, 1952, 1956, 1964, 1980 के ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी दल के उस कमाल को कोई भूला नहीं सकता जिसमें हमारे खिलाडि़यों ने स्वर्ण पदक जीता था। 1975 में एक बार फिर हाकी विश्वकप के विजेता बने। 1952 के ओलंपिक खेलों में पहलवान के डी जाधव ने कांस्य पदक जीता। एशियाड खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1958,1962 में मिल्खा सिंह ने 04 स्वर्ण पदक जीता । पीटी ऊषा ने 4 स्वर्ण, 7 रजत पदक जीता। नीरज चोपड़ा ने 2018 में भालाफेंक में स्वर्ण जीता। भारतीय कबडड़ी टीम ने 9 में से 8 बार स्वर्ण पदक जीता। हाकी टीम 1966, 1996, 2014, 2022 में एशियाड में विजेता बनी। अन्य प्रमुख एथलीटों में दुती चंद, हिमा दास की सफलता याद की जाएगी। इसके अलावा ओलंपिक खेलों में टेनिस में लिएंडरपेस, भारोत्तोलन में कर्णम मल्लेश्वरी, कुंजरानी देवी, निशानेबाजी में राज्यवर्द्धन सिंह राठौर, मनु भाकर, अभिनव बिंद्रा, जसपाल राणा,गगन नारंग कुश्ती में सुशील कुमार, बजरंग पुनिया, मुक्केबाजी में एम सी मेरीकाम, विजेंदर सिंह, बैडमिंटन में पी.व्ही सिंधु, सायना नेहवाल, महिला कुश्ती में साक्षी मलिक आदि प्रमुख सितारे जिन्होंने पदक जीते। 1900 के बाद 1924 तक 25 ओलंपिक खेलों में भारत के खाते में महज 41 पदक आए। जबकि एशियाई खेलों के 9 संस्करणों में भारत ने 183 स्वर्ण, 239 रजत तथा 357 कांस्य सहित 779 पदक जीते हैं। इसके अलावा विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में भारतीय तीरंदाजों, निशानेबाजों, पहलवानों, भारोत्तोलकों, एथलेटिक्स के गिने-चुने खिलाडि़यों के नाम कमाये हैं। इसी तरह नान ओलंपिक खेलों में शतरंज, खो खो, रोलबॉल आदि खेलों में भारत के विश्वनाथन आनंद, डी गुकेश, आर प्रज्ञानंदा, कोनेरु हम्पी, हरिका ड्रोनावल्ली, आर वैशाली प्रमुख हैं। उपरोक्तानुसार स्पष्ट है कि 100 से 147 करोड़ की आबादी वाले भारत देश की खेल क्षेत्र में मिल उपलब्धि को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आखिर भारतीय खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदक क्यों नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं ?आखिर क्या कारण है हमारे खिलाड़ी सेमीफाइनल तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन फिर आगे क्यों नहीं बढ़ पाते हैं ?अब खिलाडि़यों की कमजोरियों का वैज्ञानिक कारण जानने और उसको दूर करने की कोशिश शुरू हो गई है। इस क्रान्तिकारी कदम का आरंभ गुजरात राज्य द्वारा की गई है। भारत में पहली बार किसी राज्य ने भारत के खिलाडि़यों की नाकामी के लिए स्पोट्र्स जीनोमिक्स कार्यक्रम शुरू किया है। इसके जरिए खिलाडि़यों का डीएनए डेटाबेस बनाया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि डीएनए परीक्षण से प्राप्त जानकारी से खिलाडि़यों को विश्व स्तर पर सफलता के लिये प्रशिक्षण, खान-पान आदि चुस्त दुरुस्त रखने के लिए योजना तैयार की जाएगी। गुजरात सरकार ने इस वर्ष करीब 2000 जबकि अगले पांच वर्षों में दस हजार खिलाडि़यों के सैंपल जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसमें खिलाड़ियों हर खिलाड़ी का एक प्रोफाइल तैयार होगा। इसका उद्देश्य यह समझना है कि किसी खिलाड़ी की अनुवांशिक विशेषताएं उसकी मांसपेशियों की बनावट, सहनशीलता, मेटाबोलिज्म, व्यायाम के प्रति शारीरिक प्रतिक्रिया, चोट से ठीक होने के उपाय की जानकारी प्रमुख है।अगर हमें विश्वस्तर पर अपनी छाप छोडऩी है तो ऐसे वैज्ञानिक ढंग से जांच का दायरा पूरे भारत वर्ष में बढ़ाना होगा क्योंकि पूरे भारत में प्रशिक्षण, खानपान तो दी जा रही है परंतु कम सफलता मिलने का सही कारण का पर्दाफाश होना जरूरी है।

# प्रेमप्रकाश पाण्डेय के प्रयासों से भिलाई में बड़ा डेवलपमेंट प्लान, 6.74 करोड़ के कार्यों की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 सितम्बर।** भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का पहिया अब और तेज़ होने जा रहा है। क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांगों और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय के प्रयासों से करीब 6 करोड़ 74 लाख 17 हजार की लागत वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसका सीधा फायदा भिलाई नगर के कई वार्डों और मोहल्लों के लोगों को मिलेगा। खास बात यह है कि विकास कार्यों में सड़क, नाली और बिजली जैसी बेसिक सुविधाओं से लेकर तालाब, उद्यान, सामुदायिक भवन और चौक सौंदर्यीकरण तक के काम शामिल हैं। प्रस्तावित कार्यों में दर्री तालाब, मंगल बाजार, श्रमिक नगर और मानस भवन तालाब सहित कई इलाकों में डोम शेड, मंच निर्माण एवं संरक्षण, सामुदायिक भवन, मानस भवन और सतनाम भवन से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके अलावा विद्यालय भवनों का संधारण, यात्री प्रतीक्षालय, उद्यान विकास, चौक सौंदर्यीकरण, महिला व्यायाम कक्ष, सीसी रोड, सीमेंटीकरण, नाली निर्माण और विद्युत संबंधी कार्य भी प्रस्तावित हैं। इन विकास कार्यों का लाभ मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 38, 40, 41, 46, 47, 48, 49 और 51 के साथ वैशाली नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32 तथा संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को मिलेगा। कुल मिलाकर, करीब 6.74 करोड़ रु के ये काम भिलाई में सड़क से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक की सुविधाओं को अपग्रेड करने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। अब निविदा प्रक्रिया शुरू होने के बाद इन कार्यों के धरातल पर उतरने का रास्ता साफ हो गया है।

### भाजपा की कलश यात्रा का भ्रमण कई गांवों में

**उतई, 9 सितंबर।** उतई पाटन विधानसभा स्तरीय संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास महराज कलश यात्रा 29 जुलाई 2026( गुरु पूर्णिमा ) को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महराज जी की 650 वीं जयंती समरसता संकल्प अभियान वाराणसी (कांशी) से11000 कलश मिट्टी पूजन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन एवं मुख्य मंत्री आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा प्रत्येक प्रदेश के लिए प्रदान किया, छत्तीसगढ़ में रायपुर के राम मंदिर में लाकर प्रत्येक जिला व विधानसभा में कलश यात्रा के लिए लाया गया जिसे कल दिनांक 09/09/2026 बुधवार को ग्राम ढौर से प्रारंभ कर पाटन विधानसभा के पाटन मंडल, दरबार मोखली मंडल, जाम गांव आर मंडल, अमलेश्वर मंडल, कुम्हारी मंडल में भ्रमण होगा, इस कलश यात्रा में सांसद श्री विजय बघेल, प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरा, श्री हर प्रसाद आडिल कलश यात्रा प्रभारी पाटन मंडल उपस्थित रहेंगे।

## समाचार संक्षेप

### रक्तदान के साथ 32 रक्तवीरों का सम्मान



**उतई, 9 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शौर्य युवा संगठन कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो के संयुक्त तत्वावधान में आबादी पारा, कोड़िया में मेगा रक्तदान शिविर एवं शौर्य रक्तवीर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिविर में 80 यूनिट रक्तदान हुआ, जबकि नियमित रूप से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देने वाले 32 रक्तवीरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर 36 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ई-लाइब्रेरी कम रीडिंग जोन का शुभारंभ भी किया गया। यहां विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग अध्ययन केबिन और निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। विजय बघेल ने जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने की पहल को अनुकरणीय बताया। वहीं ललित चंद्राकर ने रक्तदान को मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए आयोजकों और रक्तदाताओं की सराहना की।

### बार एवं राड मिल की दोनों टीमों ने जीता गोल्ड




**भिलाई, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में आयोजित चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में बार एवं राड मिल की दो टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड प्रमाणपत्र हासिल किया। प्रतियोगिता में बार एवं राड मिल की टीम आरोहण और सारथी ने अपने प्रोजेक्ट की प्रभावी प्रस्तुति देकर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। टीम आरोहण का नेतृत्व फैसिलिटेटर उप महाप्रबंधक विजी मथाई तथा टीम सारथी का नेतृत्व उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने किया। दोनों टीमों की इस उपलब्धि पर मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने मुख्य महाप्रबंधक कक्ष में सदस्यों को सम्मानित कर बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे, शिखर तिवारी एवं तुषार श्रीखंडे ने भी दोनों टीमों को बधाई दी।

### पावर जोन के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर जोन में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले 12 कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्मिकों में प्रकाश राउत, बिचित्र नायक, छबि राम पैकरा, सिमत सिंह मसराम, शिव शंकर बैरागी, फूलदास, अमित कुमार सिंह, नवनीत कुमार, चंद्रकांत तुकाराम घागरे, नकुल प्रसाद वर्मा, हरीश चंद मसतकर एवं रमेश चौधरी शामिल हैं। इन्हें जून 2024 से नवंबर 2025 तक अलग-अलग महीनों के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक शेख जाकिर ने की। महाप्रबंधक पी. कृष्ण मोहन, घनश्याम प्रसाद कुर्रे, संजय अग्रवाल, सैय्यद हुसैन असद, उप महाप्रबंधक विजय कुमार सैनी तथा उप महाप्रबंधक तरुण कुमार दत्ता ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

### 6 खाताधारकों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** भिलाई साइबर ठगी की रकम के लेनदेन में उपयोग किए जा रहे बैंक खातों की जांच के आधार पर 3 थाना क्षेत्रों से 06 खाताधारकों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों 2 से 15 हजार रुपए तक के कमीशन के लालच में बैंक खाते, पासबुक, एटीएम, चेकबुक एवं सिम कार्ड उपलब्ध कराना पाया गया है पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधों की जांच के दौरान दुर्ग पुलिस साइबर ठगी से प्राप्त राशि के विभिन्न बैंक खातों में लेनदेन की जानकारी का विश्लेषण किया जांच में थाने भट्ठी, भिलाई नगर एवं सुपेला क्षेत्र के कुछ बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेनदेन एवं हस्तांतरण में होना पाया जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित खाताधारकों ने धनराशि कमीशन के लालच में अपने बैंक खातों से संबंधित पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं सिम कार्ड अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराए गए थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त राशि को विभिन्न खातों में स्थानांतरित करने एवं खपाने के लिए किया गया संबंधित खातों में लाखों रुपये से अधिक की संदिग्ध धनराशि का ट्रांजेक्शन पाया प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना सुपेला के धारा 318 (2), 318(3), 317 (4) बीएनएस में 03 आरोपी, थाना भिलाई भट्ठी के धारा 318(2), 318 (3), 317 (4) बीएनएस में 01 आरोपी तथा थाना भिलाई नगर के धारा 318(2), 318(3), 317 (4) बीएनएस में 02 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इस मामले में मोहन राम (50 साल ) निवासी घासीदास नगर, जामुल, गजेन्द्र कुमार साहू (23 साल ) निवासी रिसाली, भीष्म लाल भारती (27 साल ) निवासी कुम्हारी, ओम प्रकाश यादव (28 साल ) निवासी जेवरा सिरसा, देवरतन टंडन (39 साल ) निवासी खुर्सीपार व लोकनाथ वर्मा (29 साल ) निवासी पांच रास्ता सुपेला पर कार्रवाई की है।

## एक नजर

### नशे में स्कूल बस चलाने पर की कार्रवाई




**भिलाई, 9 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि जांच के दौरान स्कूल बस चालक गोपीराम विश्वकर्मा को शराब पीकर बस चलाते हुए पाया चालक की इस गंभीर लापरवाही पर यातायात पुलिस ने तत्काल स्कूल बस को जब्त की प्रकरण को अग्रिम कारवाई के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी चालक गोपीराम विश्वकर्मा को धारा 185 मोटर यान अधिनियम के तहत 03 दिवस साधारण कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 184 के तहत 5 हजार अर्थदड से दंडित किया है अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में धारा 185 के लिए 30 दिवस तथा धारा 184 के लिए 10 दिवस अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड अदा नहीं करने पर कुल 40 दिवस का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। स्कूल बस में चालक द्वारा की गई इस गंभीर लापरवाही की रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी गई है। साथ ही स्कूल प्रबंधन की जवाबदारी तय कर कार्रवाई किए जाने के संबंध में स्कूल प्रबंधन को पत्र भेजा गया है।

### मारपीट पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई, 9 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई प्रार्थिया पूजा कुमारी (30 साल ) निवासी खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक व्यक्ति ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे गए पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा मारपीट की? प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना खुर्सीपार में धारा 119(1), 296, 351(3), 115 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तथा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की खुर्सीपार थाने पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों को थाना लाकर पूछताछ की इस में आरोपी ने अपना नाम सुशील उर्फ चुग्गे (30 साल ) निवासी रामचन्द्र होटल के पास, खुर्सीपार बताया तथा घटना में संलिप्तता स्वीकार की ।

### तेज आवाज में बजाने पर डीजे जब्त




**भिलाई, 9 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई भट्ठी टीआई दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि रात 9.40 बजे भट्ठी थाने पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-04 पांडे चौक के पास माजदा वाहन में अत्यधिक तेज आवाज में डीजे / साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर तनिष चौधरी (24 साल) निवासी न्यू खुर्सीपार, माजदा वाहन में 06 नग डीजे साउंड बॉक्स लगाकर अत्यधिक तेज आवाज में संचालन करना पाया डीजे संचालन के संबंध में वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहे जाने पर कोई अनुमति नहीं होना लिखित रूप में बताया। इस पर छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 15 के अंतर्गत पाए जाने पर पुलिस मौके से माजदा वाहन, 06 नग डीजे साउंड बॉक्स एवं 01 नग एम्पलीफायर जब्त किया है ।

### विभागीय योजनाओं के लाभ के लिए पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी एवं श्रम कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य

**दुर्ग, 9 सितम्बर ।** जिले में श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का निरंतर लाभ प्राप्त करने के लिए श्रम कार्ड का ई-केवाईसी (e-KYC) एवं अद्यतन / संशोधन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विभागीय डेटाबेस को आधार के अनुरूप सत्यापित एवं संधारित करना है ताकि वास्तविक व पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की राशि व सुविधाएं सीधे पहुंच सकें।वर्तमान में श्रमिकों के डेटाबेस को आधार विवरण के अनुरूप अद्यतन करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) को अधिकृत किया गया है।

# एमआईसी की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 9 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त सुरुचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 15 नग हापर टिप्पर क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जोन क्रमांक-03 अंतर्गत डॉ. बी.आर. अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन को संचालन, प्रबंधन एवं संधारण के लिए 10 माह की अवधि हेतु किराये पर दिए जाने संबंधी नियम एवं शर्तों का अनुमोदन और निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की गई। बड़े पंडालों पर अनुमति शुल्क, स्वच्छता शुल्क निधि एवं अतिरिक्त सुरक्षा निधि शुल्क निर्धारित है शुल्क लिए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। 5000 वर्ग फीट तक के पंडालो के लिए छूट दी गई है किंतु व्यावसायिक गतिविधि संचालित किए जाने पर छोटे पंडालो से भी शुल्क लिया जाएगा। 5000 वर्ग फीट से ऊपर सभी पंडालों पर अनुमति शुल्क की राशि 3.50 रुपए प्रति वर्ग फीट के अनुसार ली जाएगी, जिसकी गणना पंडाल क्षेत्रफल 0 से लेकर ऊपर तक की होगी । सफाई शुल्क के रूप में 2000 रुपये ली जाएगी। सुरक्षा निधि लिया जाएगा जो रिफंडेबल योग्य होगा । पंडाल से रोड ट्रैफिक एवं आवागमन बाधित न हो इसका ध्यान रखने निर्णय लिया गया है। निगम द्वारा चंद्रा-मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाईजिनिक फूड जोन के संचालन, अनुरक्षण एवं राजस्व साझेदारी के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज करेगा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 सितम्बर।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव रामलखन मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को प्रतिभाशाली बच्चों एवं युवाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश मुख्य अतिथि तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु पाठक ने समाज के पालकों से प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की अंकसूची की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने का प्रमाण पत्र समाज के पदाधिकारियों के पास 20 सितंबर तक जमा किया जा सकता है। बैठक में नागेंद्र पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, कैलाश पाठक, सुनील मिश्रा, सुभाष चंद्र पांडे, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, हरिकृष्ण पांडे, चंद्रशेखर पाण्डे, नर्बदा प्रसाद मिश्र, दीपक मिश्रा, वीरेंद्र नाथ पांडे, संजय मिश्रा, रविंद्र शुक्ला, राजेंद्र दुबे, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकेश पांडे, उदित पांडे सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### बगौद में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के निर्माण पर घमासान

**अंवरी,9 सितंबर।** जनपद पंचायत कुरूद की ग्राम पंचायत बगौद में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के निर्माण को लेकर सरपंच और पंच आमने-सामने आ गए हैं। पंचों ने सरपंच पर पंचायत प्रस्ताव के बिना शासकीय भूमि पर मनमाने ढंग से निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सोमवार को पंच झरना साहू, गीता बाई पटेल और खमेश साहू ने जनपद पंचायत कुरूद पहुंचकर सीईओ अमित सेन से शिकायत की।पंचों ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत बगौद के खसरा नंबर 1390 की शासकीय भूमि पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।

# सुख-दुख का संगवारी बना संगवारी ग्रुप:रविकांत चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 9 सितंबर ।** सोशल मीडिया की शुरुआती के दौर में स्वर्गीय कमलेश शर्मा सामाजिक एकजुटता और मानवीय संवेदनाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे ,उनके द्वारा शुरू की गई पहल आज भी लोगों को सुख-दुख में जोड़कर उनकी स्मृतियों को जीवंत रखे हुए हैं। संगवारी ग्रुप की नींव रखने वाले स्वर्गीय कमलेश शर्मा संगवारी ग्रुप का निर्माण वर्ष 2013 में किया था। किसी कारणवश बंद कर दिया गया था ।उसे पुनः 18 /11/ 2017को चालू किया जो आज भी सुख-दुख का संगवारी बना है । संगवारी ग्रुप में अधिकारी, कर्मचारी, नेता, पत्रकार, वरिष्ठ, एवं कनिष्ठ नागरिक, जुड़े हैं ,कुरूद विधानसभा का सबसे बड़ा ग्रुप है सामाजिक एकजुटता, सामाजिक सहभागिता, और जन सेवा का प्रभावी माध्यम है सुख दुख में एडमिन एवं सदस्यों की सक्रियता से संगवारी ग्रुप आपसी भाईचारा संवेदना और सामाजिक एकजुटता मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है । आधुनिक दौर में जहां सोशल मीडिया को अक्सर केवल मनोरंजन का माध्यम माना जाता है, वहीं स्वर्गीय कमलेश शर्मा द्वारा बनाया गया कुरूद का 'संगवारी ग्रुप' सामाजिक सरोकार और आपसी भाईचारे की एक सुंदर मिसाल पेश कर रहा है। ग्रुप को जिंदा रखने के लिए उनके अनुज मनीष शर्मा अब ग्रुप एडमिन है इस ग्रुप के माध्यम से नगर एवं आसपास के लोगों के जन्मदिन, शुभकामना संदेश, अखबार में छपे महत्वपूर्ण समाचार कटिंग ,विज्ञापन, कटिंग ,सहित निधन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर साझा की जाती हैं।

'संगवारी ग्रुप' की खासियत यह है कि यह केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि लोगों को सुख-दुख में एक-दूसरे से जोड़ने का माध्यम बन गया है। खुशी के अवसर पर बधाई देने से लेकर दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त करने तक, ग्रुप से जुड़े सदस्य सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दे रहे हैं। उपरोक्त बातें संवाददाता से रूबरू चर्चा में कहीं उन्होंने आगे कहाग्रुप एडमिन एवं सभी सदस्यों की सक्रियता से 'संगवारी ग्रुप' कुरूद में आपसी सदभाव, सहयोग और सामाजिक जुड़ाव की मजबूत कड़ी के रूप में अपनी अलग पहचान बना है। निस्वार्थ भाव से लोगों को जोड़ने वाली यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है और डिजिटल दौर में सामाजिक संवेदनाओं को जीवंत रखने का प्रेरणादायी उदाहरण भी है। (1) भानु चंद्राकर अध्यक्ष वंदे मातरम् , बोल बम सेवा समिति एवं एल्डरमेंन नगर पालिका परिषद कुरूद ने कहा स्वर्गीय कमलेश शर्मा हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा बनाया गया संगवारी ग्रुप कुरुदक्षेत्र के लोगों को हमेशा याद दिलाते रहेंगे,

उन्होंने संगवारी ग्रुप के माध्यम से लोगों को सुख-दुख में जोड़ने की जो पहल की वह उनकी सामाजिक सोच और संवेदनशीलता की मिसाल है, उनकी कमी हमेशा महसूस होती है।

**कमल शर्मा भाजपा कार्यकर्ता** - कमलेश शर्मा ने संगवारी ग्रुप की नींव रखकर कुरूद के लोगों को सुख-दुख में जोड़ने की सार्थक पहल की थी। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सामाजिक सोच और सेवा की भावना आज भी जीवंत है।

**महेबूब खान** -कमलेश शर्मा द्वारा शुरू किया गया संगवारी ग्रुप आज भी उनके भाई मनीष शर्मा के प्रयासों से निरंतर सक्रिय है। यह उनके द्वारा शुरू किए गए सामाजिक कार्य को आगे बढ़ाने का सराहनीय प्रयास है।

**मनोज अग्रवाल-** कांग्रेसी नेता कमलेश शर्मा का सामाजिक जुड़ाव और लोगों के प्रति संवेदनशीलता हमेशा स्मरणीय रहेगी। उन्होंने जो शुरुआत की, वह आज भी लोगों को जोड़ रही है–यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# नाले के चेंबर में 9 माह के शिशु की लाश मिली, क्षेत्र में सनसनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 सितंबर ।** भट्ठी थाना क्षेत्र में सेक्टर-2 में बुधवार को एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने देखने वालों को भीतर तक हिला दिया सड़क 11-12 के बीच बैकलेन में नाले के एक चेंबर का पत्थर हटाया गया तो भीतर करीब 8-9 माह के मासूम की लाश दिखाई दी कुछ पल के लिए वहां मौजूद लोगों की सांसें जैसे थम गईं जिस उम्र में बच्चे को मां की गोद की गर्माहट चाहिए होती है जिस उम्र में उसकी दुनिया मां की धड़कनों और दुलार से शुरू होती है, उसी उम्र का एक मासूम नाले के अंधेरे चेंबर में मिला आखिर वह मासूम यहां तक कैसे पहुंचा उसे किसने छोड़ा वह किस मां की कोख से जन्मा था किसकी गोद में उसने आखिरी बार आंखें खोली होंगी और सबसे बड़ा सवाल, उस नन्ही जान का कसूर क्या था इन सवालों का जवाब अभी किसी के पास नहीं है पुलिस जांच में जुटी है इस लिए किसी मां परिवार या व्यक्ति को दोषी ठहराना जल्दबाजी होगी लेकिन घटनास्थल का मंजर ऐसा था कि वहां पहुंचा हर व्यक्ति भीतर तक विचलित नजर आया नाली जाम थी, जांच आगे बढ़ी तो खुला खौफनाक राज भट्ठी पुलिस नेबताया कि सेक्टर-2 की सड़क 12 स्थित मकान नंबर 20एफ के परिवार ने बीएसपी के पीएचई विभाग में शिकायत की थी कि नाली जाम है और पानी आगे नहीं जा रहा है। शिकायत के बाद पीएचई के कर्मचारी भुवनेश्वर और कृष्ण मौके पर पहुंचे उन्होंने घर से लेकर बाहर तक नाली की जांच की, लेकिन शुरुआत में कहीं कोई रुकावट नजर नहीं आई। इसके बाद कर्मचारियों ने नाली की दिशा में आगे बढ़कर काफी दूर तक जांच शुरू की झाड़ियों के बीच बने एक चेंबर के आखिरी छोर पर पहुंचे तो उसका पत्थर हटाया गया अंदर जो दिखाई दिया, उसे देखकर दोनों कर्मचारियों के होश उड़ गए चेंबर में एक मासूम की लाश पड़ी थी तुरंत इसकी सूचना सुपरवाइजर निरंजन कुमार को दी गई निरंजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पीएचई के सेक्शन इंचार्ज को दी गई। क्षेत्रीय पार्षद हरिश भी मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दी गई खबर फैली तो उमड़ पड़ा हुजूम मासूम की लाश मिलने की खबर देखते ही देखते पूरे इलाके में फैल गई आसपास के लोग घटनास्थल की ओर पहुंचने लगे हर चेहरे पर हैरानी थी और हर जुबान पर एक ही सवाल ÷इतने छोटे बच्चे के साथ ऐसा कौन कर सकता है लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं किसी ने मां की मजबूरी की बात कही, किसी ने इसे बेरहमी बताया तो कोई यह सोचकर ही सिहर उठा कि आखिर वह कौन-सी परिस्थिति रही होगी जिस ने इस मासूम को नाले के चेंबर तक पहुंचा दिया लेकिन सच क्या है यह जांच के बाद ही सामने आएगा पुलिस तलाश रही है उस कहानी का आखिरी सिरा पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आसपास के इलाके की बारीकी से जांच शुरू की बैकलेन में संभावित सुराग तलाशे जा रहे हैं घटनास्थल के आसपास कदमों के निशान कपड़े झोले और हाल में हटाई या खोली गई चीजों पर भी नजर रखी जा रही है डॉग स्क्वायड की मदद से भी सुराग तलाशने की तैयारी पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि मासूम यहां कब और कैसे पहुंचा आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। चेंबर में बंद था एक मासूम लेकिन सवाल पूरे समाज के सामने है यह घटना सिर्फ पुलिस की जांच का विषय नहीं है यह उस समाज के सामने भी एक असहज सवाल खड़ा करती है जहां एक मासूम के लिए दुनिया में आने के बाद सबसे सुरक्षित जगह मां की गोद मानी जाती है? और यहां वही मासूम एक नाले के अंधेरे चेंबर में मिला कोई शिकायत कर सका, न अपना नाम बता सका यह बता सका कि आखिरी बार उसे किसने गोद में उठाया था उसकी कहानी अब पुलिस को खोजनी है और शायद इस कहानी का सबसे दर्दनाक हिस्सा यह है कि जिस बच्चे की जुबान अभी खुली भी नहीं थी वह अपनी मौत के बाद पूरे शहर से एक ही सवाल पूछ रहा है

## एक नजर

### 5.17 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार




**डोंगरगढ़, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों को रोकने एवं अपराध में अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिस पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री में लिप्त शराब कोचियों/तस्करों पर नजर रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों, नशेड़ियों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में आज दिनांक 08-09-2026 को मुखबिर थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि खूटापारा डोंगरगढ़ निवासी आरोपी फारुख खान उर्फकरी अज्जू पिता इसराइल खान, उम्र 45 साल, जो अपने मोटर सायकल में अधिक मात्रा में गांजा लेकर बोरतलाव से डोंगरगढ़ की ओर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम चिचदो मोड़, अंसारी टायर एवं अली मोटर्स रिपेयरिंग सेंटर के सामने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

### सिमगा में 117वां अखंड रामनाम सप्ताह शुरू



**सिमगा 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा के राधे श्याम मंदिर मे श्री अखंड राम नाम सप्ताह दिन गुरुवार दिनांक 03,09,2026 से प्रारम्भ है दिन गुरुवार दिनांक 10,09,2026 तक चलेगा श्री राधा कृष्ण आस्था सेवा समिति द्वारा सिमगा के राधेश्याम मंदिर में 117 वर्षो से श्री अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ नित्य करते हुए नजर आते हैं सीताराम सीताराम सीताराम का वर्णन होते रहता है इस भजन कीर्तन में हर आयु के लोग भाग लेते हैं बच्चे नौजवान व बुजुर्ग सभी इस 7 दिन के भजन कीर्तन वह अखंड राम सप्ताह के दौरान 7 दिनों का पूरे का पूरा भंडारा समिति की ओर से होता है।

### बीमा सलाहकारों का काम आसान करेगा 'पार्टनर स्टैक 2.0'

**रायपुर 9 सितंबर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई लाइफ पार्टनर स्टैक 2.0' लॉन्च किया है। एआई आधारित इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से एडवाइज़र और पार्टनर्स को ग्राहकों की जरूरत के अनुसार बीमा प्लान सुझाने, कोटेशन बनाने और डिजिटल सेवाएं देने में सुविधा होगी। प्लेटफॉर्म को 200 से अधिक पार्टनर सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे आवेदन फॉर्म का 70 प्रतिशत तक हिस्सा पहले से भरा जा सकेगा। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 2.7 करोड़ डिजिटल सेवा इंटरैक्शन हुए, जबकि 54 प्रतिशत सेविंग्स पॉलिसियां उसी दिन जारी की गईं। इस दौरान कंपनी का दावा निपटान अनुपात 99.3 प्रतिशत रहा।

### पीडीएस के तहत दो माह सितंबर और अक्टूबर का चावल वितरण जारी

**रायपुर,9 सितंबर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश के सभी 14 हजार 186 उचित मूल्य दुकानों में दो माह सितंबर और अक्टूबर 2026 के लिए खाद्यान्न आबंटन जारी कर दिया गया है। इन उचित मूल्य दुकानों में से 9,356 (66 प्रतिशत) दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण हो गया है तथा राशनकार्डधारियों को उक्त दो माह के चावल वितरण जारी है।

# दिव्यांगों को अब जिले में ही मिलेंगे कृत्रिम अंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




बलौदाबाजार, 9 सितंबर। जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग के लिये अब रायपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिले मे आगामी 21 से 25 सितम्बर तक सभी विकासखंड मुख्यालयों मे निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर मे एलिमको रायपुर की टीम द्वारा दिव्यांग जनों के कृत्रिम अंग चिहांकन एवं माप लिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य सहायक उपकरण वितरित किये जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक मे शिविर की तैयारी हेतु विस्तृत समीक्षा की और एसडीएम,जनपद सीईओ को अनुभाग अंतर्गत निवासरत सभी दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर शिविर का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि शिविर मे आने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र या राशन कार्ड एवं 2 फोटो लाना होगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार दिव्यांगजनों के फोटो के लिए फोटोग्राफर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। तकनिकी स्वीकृति के अनुसार ही निर्माण हो। गुणवत्ता मे शिकायत या कमी पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी या एजेंसी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने एनएच 130 बी के चौड़ीकरण हेतु सर्वे कार्य मे तेजी लाने एवं अतिक्रमण हटाने सघन अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले सड़क के दोनों ओर जहां तक जमीन की आवश्यकता है चुना मार्किंग कराएं और अतिक्रमण करने वाले को सामान हटाने की सूचना दें। लोगों को स्व स्फूर्त अतिक्रमण हटाने प्रोत्साहित करें।

इस दौरान ई -ऑफिस,सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स,मुख्यमंत्री जनदर्शन,पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल किसान किताब, सेवा सेतु पोर्टल,न्यायालयीन प्रकरण आदि की समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर, एसडीएम अरविन्द कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# युवा मेहनत और सकारात्मक सोच से लक्ष्य को हासिल करें: डॉ. टहिलियानी

## तिल्दा-नेवरा के मेधावी विद्यार्थियों का समारोह में किया गया सम्मान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 सितंबर।** द्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के सौजन्य से गठित डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी प्रतिभा सम्मान परिवार द्वारा तिल्दा-नेवरा अंचल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 और हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में हाई स्कूल परीक्षा के तीन प्रतिभावान बालकों एवं तीन बालिकाओं तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा के तीन प्रतिभावान बालकों एवं तीन बालिकाओं को मोमेंटो, 500 रुपये नगद, प्रमाण पत्र एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तिल्दा-नेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन ने भी विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिल्दा-नेवरा पूज्य सिंधी पंचायत तिल्दा कैंप के अध्यक्ष शमनलाल खूबचंदानी रहे, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी हीरानंद हरिरामानी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी एवं प्रतिभा सम्मान परिवार के प्रेरणास्रोत डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी अपनी पत्नी श्रीमती विद्या टहिलियानी के साथ उपस्थित रहे।

समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर जाहिरे, राजेश सतपाल, किशोर सेतपाल, खेमचंद विरानी, डॉ. चोइथमल बजाज, ओम गोयल, कृष्ण मुरारी वर्मा, धनराज खत्री, कन्हैया जोतवानी, महात्मा सुंदरदास जेसवानी, डॉ. ज्योति सुखवानी, सौरभ जैन, किशोर रोहरा, डॉ. लक्ष्मण साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की पहल:** डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी प्रतिभा सम्मान परिवार द्वारा वर्ष 2025 से इस सम्मान समारोह की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य अंचल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनकी मेहनत को सार्वजनिक रूप से सम्मान देना है। आयोजकों का मानना है कि विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रोत्साहन मिलने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक गंभीरता से प्रयास करते हैं।

समारोह में अंकित झा, यश शर्मा, सौम्या साहू, मिशा दुलवानी सहित अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के माता-पिता और उनके विद्यालयों के शिक्षक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होते देखकर अभिभावकों में भी उत्साह और गर्व का भाव नजर आया।

**विद्यार्थियों ने व्यक्त किया आभार:** सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की ओर से अंकित झा, विनायक अग्रवाल और यश बघेल ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने डॉ. बलराम टहिलियानी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का सम्मान विद्यार्थियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि मंच पर बुलाकर सम्मानित किए जाने से उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है।

विद्यार्थियों ने कहा कि वे डॉ. टहिलियानी के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आयोजन के लिए डॉ. टहिलियानी एवं प्रतिभा सम्मान परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

**महापुरुषों से प्रेरणा लेकर लक्ष्य की ओर बढ़ें :** कार्यक्रम में डॉ. बलराम उद्धवदास टहिलियानी ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में महापुरुषों के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ निरंतर मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का हिस्सा बनाकर ही सफलता हासिल की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज और देश की मजबूत नींव होते हैं। इसलिए उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें आगे चलकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए।

डॉ. टहिलियानी ने अपने जीवन में गुरुजनों और माता-पिता के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे आज जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनके माता-पिता, गुरुजनों और सहपाठियों के आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपने गुरुजनों खोरबहरा राम वर्मा, खूबी राम वर्मा और गंगाधर झा को विशेष रूप से स्मरण किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों और बड़े भाई-बहनों का सम्मान करें तथा जीवन में सत्य, ईमानदारी और मेहनत का रास्ता अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक बनने और समाज की मजबूती में योगदान देने का संदेश दिया।

**पुराने दिनों को याद कर भावुक हुए अतिथि :** मुख्य अतिथि शमनलाल खूबचंदानी ने डॉ. बलराम टहिलियानी के साथ अपने विद्यार्थी जीवन की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने डॉ. टहिलियानी के साथ विद्यालय में पढ़ाई की और विभिन्न कार्यक्रमों में भी साथ भाग लिया। गांधी जयंती सहित कई आयोजनों में दोनों की सक्रिय भागीदारी रही।

उन्होंने कहा कि डॉ. टहिलियानी उनके और उनके सहपाठियों के लिए उस समय भी प्रेरणा स्रोत थे और आज भी उनके कार्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने की इस पहल को सराहनीय बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समाजसेवी हीरानंद हरिरामानी ने कहा कि वे और डॉ. बलराम टहिलियानी इस विद्यालय के शाला नायक रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 से शुरू किया गया प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम अंचल के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना पैदा होती है।

कृष्ण मुरारी वर्मा ने डॉ. टहिलियानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें चिंतक और प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है।

**शिक्षक और अभिभावकों की भी रही सहभागिता:** कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों के विद्यालयों के प्राचार्य वासुदेव साहू और राजेंद्र बंजारे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों को इस तरह सम्मान मिलना उनके लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का संचालन सेवानिवृत्त योग शिक्षक केंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। अंत में संस्था के प्राचार्य राजेश चंदानी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजन में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

समारोह ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि प्रतिभा को पहचान और मेहनत को सम्मान मिलने से सफलता की राह और मजबूत होती है। डॉ. टहिलियानी प्रतिभा सम्मान परिवार की यह पहल तिल्दा-नेवरा अंचल में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में सामने आई।

# विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 2027 के तहत क्विज प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 सितंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत आयोजित विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता के संबंध में विद्यार्थियों को 8 सितंबर को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर प्राणिशास्त्र विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. गोकुल प्रसाद एवं डॉ. राकेश कुमार धृतलहरे द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की प्रक्रिया, ऑनलाइन सहभागिता एवं स्व क्कद्धड्डह्लड्डह्ल पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करने एवं समय समय पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने प्रायोगिक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही बताया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ई-सर्टिफिकेट प्राप्त होता है।महाविद्यालय के नए भवन स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में एमएससी बॉटनी, जूलॉजी एवं गणित विभाग के कुल 55 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

# पुलिस लाइन में निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर लगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 9 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य तथा कल्याण हेतु समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 'विश्व फिजियोथेरेपी दिवस' (08 सितंबर 2026) के अवसर पर कम्युनिटी हॉल, पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए विशेष ÷निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच शिविर÷ का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच एवं परामर्शः- स्वास्थ्य विभाग तथा जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मुक्तानंद साहू (जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार), डॉ. विशाखा जोशी एवं डॉ. राजकुमार साहू (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी) सहित फिजियोथेरेपिस्ट सहायक श्री हरिशंकर सिंह व सुश्री पायल वर्मा तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर की मुख्य विशेषताएं एवं लाभः

1. स्वास्थ्य परीक्षणः शिविर में उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों व उनके परिजनों का गहन परीक्षण कर उनकी शारीरिक समस्याओं की पहचान की गई।2. दर्द व खिंचाव से राहतः दैनिक ड्यूटी के दौरान होने वाले शारीरिक तनाव, कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों के दर्द व मांसपेशियों के खिंचाव से बचाव हेतु विशेष थेरेपी व एक्सरसाइज की जानकारी दी गई। 3. सही पोश्चर व जीवनशैलीः डॉक्टरों की टीम द्वारा सही शारीरिक मुद्रा, बेहतर मूवमेंट तथा मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं से बचाव के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने कहा कि पुलिस कर्मियों का कार्य अत्यधिक तनावपूर्ण व शारीरिक मेहनत वाला होता है, ऐसे में उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के शिविरों से पुलिस बल को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और शारीरिक रूप से फिट रहने में काफी मदद मिलती है।

### भिलाई में सिटीकार्ट का 200वां स्टोर शुरू

**भिलाई, 9 सितंबर।** वैल्यू फैशन रिटेलर सिटीकार्ट ने भिलाई में अपना 200वां स्टोर शुरू कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ कंपनी अब देश के 14 राज्यों में 200 स्टोर्स का संचालन कर रही है। कंपनी के अनुसार, छत्तीसगढ़ उसके लिए तेजी से उभरता हुआ बाजार है। विस्तार के जरिए 500 से अधिक रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या युवा और महिला कर्मचारियों की है। नए स्टोर में परिवार के सभी सदस्यों के लिए किफायती परिधान, फुटवियर, एक्सेसरीज़ और लाइफस्टाइल उत्पाद उपलब्ध होंगे। सिटीकार्ट के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सुधांशु अग्रवाल ने कहा कि 200 स्टोर्स तक पहुंचना कंपनी के लिए गर्व का क्षण है। भिलाई में विस्तार के साथ कंपनी का लक्ष्य उभरते शहरों में ग्राहकों को किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक फैशन उपलब्ध कराना है।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 सितंबर।** जिले के प्रभारी एवं स्वस्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाउस बलौदाबाजार मे सेवा संकल्प अभियान की तैयारी को लेकर नोडल अधिकारों की बैठक ली। उन्होंने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले अभियान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यक्रमो के बेहतर आयोजन और अधिक से अधिक जनसहभागिता हेतु आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये। बैठक मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय उपस्थित थे।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के जन सेवा, 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक संकल्प,समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना पहुंचाना है।अभियान के दौरान सभी कार्यक्रम आयोजन की तिथिवार रूप रेखा तैयार करने, रूट चार्ट,सुरक्षा, जनसहभागिता को विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की बेहतर निर्वाहन करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह अभियान हमारे लिये अत्यंत गौरवशाली है जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा को जन जन तक पहुंचाने और लोगों मे सामूहिक सेवा की भावना जगाना है। उन्होंने कहा कि जिले मे सभी कार्यक्रम का बेहतर आयोजन हो यह सबकी जिम्मेदारी हैं। सभी के समन्वित कार्य से आयोजन को सफल बनाना हैं। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत आशीर्वाद का दिया ,सपनो का भारत ,आंगन उत्सव ,विकसित भारत संकल्प यात्रा ,सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान सहित 12 कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। बैठक मे पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े,जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए भाषाविदों ने की सकारात्मक पहल

**रायपुर, 9 सितंबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोक भवन में छत्तीसगढ़ी भाषाविदों ने भेंट कर छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने तथा इसके संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के संबंध में चर्चा की। भाषाविदों ने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ी भाषा की प्राचीनता, समृद्ध साहित्यिक परंपरा, व्याकरण, शब्दकोश एवं मानकीकरण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी प्रदेश की राजभाषा एवं प्रमुख संपर्क भाषा है और लगभग डेढ़ करोड़ लोग इसका प्रयोग करते हैं।

राज्यपाल श्री डेका ने स्वयं पहल करते हुए इस विषय पर सार्थक चर्चा की। छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास और इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि इसके लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा के इतिहास, साहित्य, व्याकरण, शब्दकोश एवं अन्य संदर्भ सामग्री का व्यवस्थित संकलन किया जाएगा। इसके लिए विषय के विद्वानों एवं विशेषज्ञों से आवश्यक जानकारी और सुझाव भी लिए जाएंगे। राज्यपाल ने इस संदर्भ में असमिया और बोडो भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल



किए जाने का उदाहरण भी दिया।

भाषाविदों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी में 15 वीं शताब्दी से साहित्य सृजन की समृद्ध परंपरा रही है। कविता, खंडकाव्य, कहानी, उपन्यास, नाटक, आलोचना एवं पत्रकारिता सहित विभिन्न विधाओं में प्रचुर सामग्री उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ी का व्याकरण वर्ष 1890 में तथा पहला शब्दकोश वर्ष 1939 में तैयार हुआ। वर्ष 1924 में पहला छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'हीरू के कहिनी' प्रकाशित हुआ। पंडित सुंदरलाल शर्मा द्वारा जेल से हस्तलिखित छत्तीसगढ़ी पत्रिका 'दुलरवा' का प्रकाशन भी किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छत्तीसगढ़ी का अध्ययन कराया जा रहा है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रम में भी छत्तीसगढ़ी को शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर भाषाविद् डॉ. चित्ररंजन कर, डॉ. सुधीर शर्मा, छत्तीसगढ़ी साहित्यकार श्री शीलकांत पाठक एवं श्रीमती अर्चना पाठक उपस्थित थीं।

## बड़े सपने देखो और पूरा करने जी जान लगा दो

बड़ा नेता वह नहीं होता है जो बड़ी बड़ी बातें करता है,हवाहवाई बातें करता है,नकारात्मक बातें करता है, सिर्फ आलोचना करता है,दूसरे की बुराई को ही सबसे बड़ा काम मानता है।ऐसे बड़े नेता से देश का युवा प्रभावित नहीं होता है,ऐसे नेता को देश का युवा अपना नेता नहीं मानता है।ऐसे नेता को युवा असफल नेता मानता है।ऐसे नेता उसके लिए प्रेरणादायी नहीं होते हैं।युवा तो ऐसे नेता से प्रभावित होता हैं जो मौका मिलने पर खुद बड़ा काम करता है, देश पहले सोच कर काम करता है।एक नही कई बड़े बड़े काम करके दिखाता हैं और उसके बाद युवाओं से कहता हैं कि बड़े सपने देखो और उसे पूरा करने के लिए जीजान से जुट जाओ।ऐसा नेता से युवाओं को प्रेरणा मिलती है कि यह जब बड़ा काम कर सकता है तो हम भी बड़ा सपना देखकर उसे पूरा कर सकते हैं। देश में इस समय दो बड़े नेता पीएम मोदी व राहुल गांधी हैं। जेन जी आंदोलन के बाद युवाओं को दोनों प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।युवाओं की ऊर्जा को दिशा देने का काम कर रहे हैं।राहुल गांधी युवाओं के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, उनके पास जा रहे हैं, उनसे मिल रहे हैं।उनकी बातें सुन रहे हैं। देश के आसपास के देशों में युवाओं ने सत्ता बदली है तो इससे राहुल गांधी को लगता है कि देश के युवा भी नाराज हैं, वह भी इस देश में सत्ता पलट सकते हैं। पीएम मोदी व भाजपा को सत्ता से यही लोग हटा सकते है।राहुल गांधी ऐसे युवाओं से मिलकर सत्ता व व्यवस्था के खिलाफ उनके भीतर जो गुस्सा होता है, उसे बढ़ाते हैं।किसी युवा का आंदोलन के दौरान पैर टूट गया या तोड़ दिया गया तो राहुल गांधी कहते हैं कि पुलिस ने पैर नहीं तोड़ा युवा के सेना में जाने के सपने को तोड़ दिया।दलितों के भीतर गुस्से को उनके साथ हो रहे भेदभाव के नाम पर बढ़ाने का काम करते हैं।राहुल गांधी समस्या सुनते हैं लेकिन राहुल गांधी युवाओं व दलितों का कोई समाधान नहीं देते हैं, कोई आश्वासन नहीं देते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो ऐसा नहीं होगा क्योंकि कांग्रेस की सरकार तो कई दशक तक शासन कर चुकी है और वह भी उन तमाम समस्याओं का कोई समाधान कहां कर पाई है जिसे आज राहुल गांधी बडी समस्या बता रहे हैं।राहुल गांधी देश के युवाओं की ऊर्जा को देश के विकास में लगाने की जगह देश की सत्ता पलटने के लिए करना चाहते हैं लेकिन देश की जनता व देश के युवा कई चुनाव हो चुके है कांग्रेस व राहुल गांधी पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं कि कांग्रेस व राहुल गांधी को देश की सत्ता सौंप देने पर उनकी सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कई राज्यो में जनता व युवाओं ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी तो है लेकिन उन राज्यों में समस्याओं का समाधान कहां हुआ है। जनता व युवा जिन युवाओं का सामना कर रहे हैं वह सारी समस्याएं तो कांग्रेस शासित राज्यों में भी है। कांग्रेस शासित राज्यों मे बेरोजगारी है, महंगाई है, युवा जो चाहते हैं वह हो नहीं हो रहा है।वहां भी उनपर लाठी चार्ज हो रहा है।राहुल गांधी जहां युवाओ की ऊर्जा का उपयोग अपना राजनीतिक हित साधने के लिए कर रहे हैं यानी जो काम कांग्रेस व राहुल गांधी पिछले १२ सालों में नहीं कर सके है,वह काम राहुल गांधी व कांग्रेस चाहते हैं कि युवा उनके लिए करे।वह चुनाव नहीं जीत नहीं पा रहे हैं तो युवा उनको चुनाव जीता दे।वह सत्ता हासिल नहीं कर पा रहे हैं तो युवा उनको सत्ता दिला दे।वही पीएम मोदी युवाओं की ऊर्जा का उपयोग भारत को विकसित देश बनाने के लिए कर रहे हैं. वह जहां भी जाते हैं युवाओं से कहते हैं कि भारत विकसित देश युवाओं की मेहनत से बनेगा।पीएम मोदी ने एसआरसीसी के शताब्दी समारोह में युवाओं को विकसित व आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य से जोड़ा और उनसे अपेक्षा की देश के युवा यह लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए।उन्होंने युवाओं से कहा कि यह केवल बातें नहीं है,यह उनका देश के युवाओं पर भरोसा है कि वह विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा कर सकते है,इस लक्ष्य को वही हासिल कर सकते हैं। वही इस संकल्प की सिध्दी कर सकते हैं।पीएम मोदी खुद देश के लिए बड़े सपने देखते हैं और वह चाहते हैं कि युवा भी देश के लिए बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने के लिए जी जान लगा दें। पीएम मोदी ने युवाओ के सामने खुद को देश के लिए बड़े सपने देखने वाले नेता के रूप पेश किया। उन्होंने युवाओं को बताया कि वह देश के लिए कौन से बड़े सपने देखते हैं। पीएम मोदी ने बताया कि वह विकसित भारत,आत्मनिर्भर भारत,भारत को तीन नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने,भारत को अनुसंधान और नवाचार का हब बनाने,भारत को कृषि के क्षेत्र में सुपर पावर बनाने,अंतरिक्ष में अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने,देश में ओलिंपिक कराने का सपना देख रहे हैं और देश के युवाओं और देश की जनता से एक दिन यह सपना पूरा भी होगा।पीएम मोदी ने वह काम किए हैं जो दूसरे नेता संभव नहीं मानते थे, यही वजह है कि देश की जनता व देश के युवा मोदी पर भरोसा करते हैं कि यह आदमी जो कहता है उसे पूरा भी एक दिन जरूर करता है।

## सू- दोकू क्र.155

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.154 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -155

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 154 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

विश्लेषण

# हनुमान अंश : हिंदुस्तान की जड़ों से संवाद करता सिनेमा

(संजय एम तराणेकर)



भारत को समझने के लिए केवल उसके शहरों, बाजारों और आधुनिकता को देखना पर्याप्त नहीं है। भारत को समझना हो तो उसकी जड़ों तक पहुँचना होगा-उसकी आस्था, लोक-स्मृति, संस्कृति और उन कथाओं तक, जिन्होंने सदियों से उसके सामूहिक मन को आकार दिया है। इसी संदर्भ में 'हनुमान अंश' जैसी फिल्म का महत्व केवल उसके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन तक सीमित नहीं रह जाता।

यह फिल्म इसलिए भी उल्लेखनीय है कि उसने दर्शकों को केवल मनोरंजन नहीं दिया, बल्कि उन्हें उनकी अपनी सांस्कृतिक स्मृति से जोड़ने का भरसक प्रयास किया हैं। हनुमान भारतीय मानस में केवल एक धार्मिक पात्र नहीं हैं; वे शक्ति, समर्पण, साहस, सेवा, निष्ठा और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं। इसलिए जब उनकी कथा आधुनिक माध्यम "सिनेमा के रुपहले पर्दे" के जरिए सामने आती है, तो वह नई पीढ़ी और पुरानी सांस्कृतिक चेतना के बीच एक सेतु का काम करती है। फिल्म की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यही है कि उसका प्रचार केवल पोस्टर, विज्ञापन या बड़े प्रचार-अभियानों से नहीं हुआ। दर्शकों ने स्वयं उसके प्रचार का माध्यम बनना शुरू कर दिया। जिसने भी यह फिल्म देखी, उसने उसके बारे में परिवार, मित्रों और परिचितों से बात की। यही मौखिक प्रचार धीरे-धीरे व्यापक जनरुचि में बदलता गया। यह घटना बताती है कि जब कोई रचना समाज के भावनात्मक संसार को छू लेती है, तो उसके लिए प्रचार का सबसे प्रभावशाली माध्यम स्वयं दर्शक बन जाते हैं। फिल्म की बढ़ती कमाई के आँकड़े निश्चित रूप से आकर्षित करते हैं। साथी नई निर्माता निर्देशको को इस तरह से जमीन से जुड़ी फिल्मों के लिए परेड भी करने का काम करते हैं। बड़े बजट की फिल्मों के सामने टिक पाना भी अपने आप में एक चमत्कार ही है। सोचिए जिस फिल्म को स्क्रीन मिलना दुभर हो रहा था उसे फिल्म की माऊथ पब्लिसिटी ने इसे आज कहाँ से कहाँ तक पहुँचा दिया है। शुरुआती सीमित प्रदर्शन और सामान्य गति से आगे बढ़कर उसका व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुँचना इस बात का संकेत है कि भारतीय दर्शक केवल बड़े बजट, बड़े सितारों और आक्रामक प्रचार से प्रभावित नहीं होता। कहानी में आत्मीयता हो, विषय में भारतीयता हो और प्रस्तुति मन को छूने वाली हो, तो दर्शक उसे स्वयं



स्वीकार करने को तैयार बैठा है।

यहीं 'हनुमान अंश' एक फिल्म से आगे बढ़कर एक सांस्कृतिक संकेत बन जाती है। आज के दौर में सिनेमा मनोरंजन के साथ-साथ समाज की स्मृतियों को सुरक्षित रखने का भी एक प्रभावी माध्यम है। हमारी लोककथाएँ, पौराणिक प्रसंग और सांस्कृतिक प्रतीक यदि आधुनिक भाषा और तकनीक में नई पीढ़ी के सामने आएँ, तो वे केवल अतीत की वस्तु नहीं रहेंगे, बल्कि वर्तमान के अनुभव का हिस्सा बन सकते हैं। इस दृष्टि से धार्मिक या सांस्कृतिक विषयों पर बनने वाला सिनेमा तभी सार्थक है, जब वह आस्था को केवल बाजार न बनाए, बल्कि उसके भीतर छिपे मानवीय मूल्यों को भी सामने लाए।

'हनुमान अंश' की चर्चा इसी कारण महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से एक बड़ा प्रश्न भी सामने आता है-दर्शक किसी फिल्म से वास्तव में क्या चाहता है? क्या केवल मनोरंजन? क्या केवल भव्य दृश्य? क्या केवल कमाई के रिकॉर्ड? शायद नहीं। वर्तमान में दर्शक ऐसी कहानी भी चाहता है जिसमें उसे अपना अतीत दिखाई दे, अपनी संवेदना सुनाई दे और अपनी पहचान का कोई अंश हृदय तक महसूस हो। जब सिनेमा यह अनुभव पैदा करता है, तब पर्दे और दर्शक के बीच की दूरी समाप्त होने लगती है।आज जब भारतीय सिनेमा वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि वह अपनी जड़ों से भी उतना ही संवाद करें। आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का मेल एक ऐसी सिनेमाई भाषा तैयार कर सकता है, जो मनोरंजन के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक चेतना को भी समृद्ध करें। अंततः 'हनुमान अंश' की सफलता का मूल्यांकन केवल करोड़ों की कमाई से करना उसके प्रभाव को छोटा कर देना होगा। लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि दो करोड रुपए में बनी फिल्म 100 करोड़ के आसपास दस्तक दे रही है तो बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए चमत्कार ही है। (याद रहें कि इससे पहले सत्तर के दशक में "जय संतोषी माँ" फिल्म का उदाहरण भी हमारे सामने है जो पाँच लाख में बनी थी और उसने पचास लाख का कारोबार किया था। इस फ़िल्म ने भी जनमानस के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी थी।) उसकी असली सफलता इस बात में है कि उसने दर्शक को कहानी देखने के बाद अपनी जड़ों की ओर देखने के लिए प्रेरित किया।

क्योंकि जिस सिनेमा को देखने के बाद दर्शक केवल टिकट की कीमत नहीं, अपनी संस्कृति का मूल्य समझने लगे, वहीं सिनेमा वास्तव में समाज से संवाद करता है।

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, जिंदादिली से जीने की सीखें कला

विश्व आत्महत्या निवारण दिवस

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



जीवन के मोल का अंदाजा केवल एक बात से लगा लीजिए कि, एक मृत शरीर है, दुनिया की सारी दौलत खर्च करके, अत्याधुनिक अस्पताल, सरकारें, धार्मिक कर्मकांड सब मिलकर कोशिश कर लें, पूरे ब्रह्मांड की ताकत लगाकर भी मृत शरीर में एक सेकंड के लिए भी जान नहीं ला सकते। मतलब जीवन अनमोल है, उसे खत्म करने का अधिकार हमें स्वयं भी नहीं, क्योंकि यह जीवन अन्य की देन हैं। हर साल 10 सितंबर को "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" जागरूकता हेतु दुनियाभर में मनाया जाता है, इसका उद्देश्य लोगों में आत्महत्या जैसे बुरे विचारों को दूर करके एक सुखद सकारात्मक सोच जैसा वातावरण बनाने पर जोर देना हैं। इसकी थीम "आत्महत्या के बारे में सोच बदलना और बातचीत शुरू करें" यह है, वर्ष 2024 से 2026 तक यही थीम रखी गयी हैं।

आज के आधुनिक युग में आत्महत्याओं में बेहद बढ़ोतरी हमें संकेत दे रही है कि, हम अनुचित वातावरण में जी रहे है, आत्महत्या के कारण जैसे - मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, मानसिक खेलों का शिकार होना, अकेलापन और कमजोर होते सामाजिक संबंध, असफलता, पढ़ाई और करियर का दबाव, आर्थिक असुरक्षितता, धोखाधड़ी, डर, रिश्तों का टूटना, सामाजिक तुलना और डिजिटल दबाव, हिंसा, दुर्व्यवहार और भेदभाव, नशीले पदार्थों का सेवन या बुरी लत, झूठे दिखावे की आदत, शरीर या मन में लंबे समय तक दर्द और बीमारी। ऐसे अनेक कारणों से आत्महत्या में लगातार वृद्धि हुयी है, इसमें जल्द सुधार की आवश्यकता हैं। जब आत्महत्या होती है, तब केवल एक जान ही नहीं जाती, बल्कि उस परिवार, रिश्तेदार, कार्यस्थल, समाज और उससे संबंधित संपूर्ण समुदाय में हमेशा के लिए एक स्थान रिक्त होता है, सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक प्रभाव पड़ता हैं। आत्महत्याओं को रोकने के लिए आपसी रिश्तों में सहानुभूति के साथ बातचीत को बढ़ावा देना बहुत जरुरी हैं। गलतफहमी को दूर करना, समस्या साझा करना, खुलेपन से अपनी बात रखना, सहानुभूति और सहयोग का माहौल बनाना, यह बातें बेहद आवश्यक हैं। सरकार और सामाजिक संस्थाओं ने भी समाज में सकारात्मक माहौल बनाये रखने में अमूल्य



भूमिका निभानी चाहिए।

जिस देश या समाज में ज्यादा समस्याएं, परेशानियां होती है, वहां के वातावरण में रहनेवाले लोग ज्यादा आत्महत्याएं और अपराध करते है, क्योंकि जीने के लिए अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ता हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानसिक स्वास्थ्य एटलस 2024 रिपोर्ट अनुसार, साल 2021 में 7,27,000 मौतें आत्महत्या के कारण हुईं। युवाओं में मौत की तीसरी सबसे बड़ी वजह आत्महत्या ही हैं। वैश्विक स्तर के तुलना में भारत में आत्महत्याएं ज्यादा होती हैं। महाराष्ट्र में किसान वर्ग की आत्महत्या सबसे ज्यादा चिंता का विषय हैं। महाराष्ट्र सरकार के आंकड़ों अनुसार, राज्य में साल 2023 में कुल 6,669 किसान और खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की, जबकि पुरे भारत में 10786 किसानों ने आत्महत्या की थी।

बहुत बार हमें पता होता है कि, कोई चीज हमारे लिए नुकसानदायक है, फिर भी हम नहीं सुधरते। अनेक बार छोटी-छोटी बिना काम की बातों को अधिक तूल दिया जाता है, जिसका सीधा बुरा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता हैं। आजकल खुद को दुःख देने के लिए हम खुद ही ज्यादा जिम्मेदार है, जल्द गुस्सा आना, मनमाफिक काम न होने पर आपा खो देना, दुसरो को दोष देना या द्वेष करना, दूसरों पर अंधा भरोसा, भावनाओं में बह जाना, स्वार्थ, लालच, झूठा दिखावा करना और विपरीत स्थिति में भी दिखावा बनाये रखना, समाधान की कमी, लगातार जिंदगी की प्रतियोगिता में भागते रहना, बुरी संगत, दूसरों की खुशी में दुखी और दूसरों के गम में खुश होना, ईर्ष्या, लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं लगाना, आश्रित होना, मानसिक खेलों का शिकार होना, मेहनत से दूर भागना और शॉर्टकट अपनाना जैसी अनेक बातें मनुष्य के खुद की उपज है, चाहे तो मनुष्य इन बातों पर नियंत्रण रखकर बेहतर स्वास्थ्यवर्धक समाधानी जीवन जी सकता हैं। हमारी गलतियों का नतीजा ही बहुत बार हमें आत्महत्या के विचारों तक लाता है, इसलिए काम या व्यवहार ही ऐसा करें, जो हमें परेशानी और गलतियों से बचायें।

दूसरों पर जल्द भरोसा न करें, अंधा भरोसा किसी पर भी न करें। समयानुसार अपने काम में परिवर्तनशीलता लाये, कौशलता सीखें। गहरे मनोवैज्ञानिक खेल खेलने वालों से बचें। झूठे दिखावे से बचें, नशे से दूर रहें, बुरी संगत न करें। पछतावे में समय न गवाएं, अब क्या बेहतर हो सकता है, ये सोचें। कम ही सही लेकिन अच्छे लोगों के संपर्क में रहें, जो विपरीत परिस्थितियों में भी आपका साथ दें। आधुनिकता और सोशल मीडिया की लत न लगायें। किसी भी निर्णय से पहले सोचें-समझें, परिणाम का अंदाज लगाए फिर क्रिया करें। उग्र गुस्सा, भावनाओं या जोश में अनुचित निर्णय लेने से बचें। आधुनिक जीवनशैली मानव जीवन के लिए अभिशाप साबित हो रही है, इसका अनुसरण ना करें। समाधानी बनें, मेहनत पर भरोसा करें, अपनी इच्छाएं दूसरों पर न थोपें, रोजाना खुद के लिए समय निकालें, हेअल्थी हॉबी को प्राथमिकता दें।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की तंदरुस्ती के लिए रोजाना व्यायाम करें। प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षी की रक्षा और परोपकार की भावना जगायें, असहायों की मदद करें। जिंदगी जिंदादिली से जीना है काटना नहीं हैं। अपनों के प्यार, भावनाओं की कद्र करें और अपने अनमोल जीवन का मोल समझें। हमारी वजह से कभी किसी को तकलीफ न हों, ऐसे जीवन का निर्धार करें। अगर हम अनुचित काम नहीं कर रहे, तो लोग क्या कहेंगे इसका विचार न करें, कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता हैं। दूसरों की खुशी में खुश और दूसरों के गम में दर्द बांटना ही इंसानियत है, यही मानव का फर्ज हैं। ऐसी आदतों और वातावरण में जीनेवाला व्यक्ति हमेशा सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत होता है, तकलीफों और मुश्किलों से भागता नहीं, डटकर मुकाबला करता हैं। हमेशा शांत, सजग, समाधानी और प्रसन्न रहता है और ऐसे ही हमें जीना हैं।

लुई ब्रेल, अब्राहम लिंकन, फ्लोरेंस नाइटिंगेल, महात्मा ज्योतिराव फुले, सावित्रीबाई फुले, थॉमस एडिसन, अलेक्जेंडर ग्राहम बेल, मैरी क्यूरी, डॉ. बी. आर. अंबेडकर, श्रीनिवास रामानुजन, चार्ली चैपलिन, नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा, ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, दशरथ मांझी, बछेंद्री पाल, सिंधुताई सपकाल, अरुणिमा सिन्हा, मलाला यूसुफजई, निक वुजिचिक, तुलसी गौड़ा, सोनम वांगचुक, मैरी कॉम जैसे असंख्य लोग हुए और आज भी है, जो विपरीत परिस्थितियों पर मात कर संघर्षमय जीवन को एक मिसाल बनाकर दुनिया में पथ प्रदर्शक के रूप में रोशन हुए हैं।

तनाव के कारण हार्ट अटैक, पक्षाघात या अन्य गंभीर बीमारी की समस्या तेजी से बढ़ रही है, किसी भी समस्या में तनाव न लें, यह तनाव व्यवस्थापन की कला हमने अपने देश के नेताओ से सीखना चाहिए। अतिसाधारण ग्रामीण व्यक्ति, साधारण, कद-काठी लगभग अनपढ़ गरीब मजदूर दशरत मांझी ने बिना किसी के सहारे 22 साल के अथक परिश्रम से अकेले पहाड़ काटकर लोगों की सुविधा के लिए रास्ता बनाया। इतनी मुसीबतों में उन्होंने इतिहास रचा, तो हम क्यों जल्दी जिंदगी से हार मान लेंगे। जब तक सफलता नहीं मिलती तब तक प्रयास जारी रखें, अपने कार्य में छोटीसी चींटी भी कभी हार नहीं मानती, फिर तो हम इंसान है, जीत जायेंगे हम भी अगर हमारा इरादा और हौसला बुलंद है तो। मुश्किलें, असफलता या दुःख आये या कभी भी बुरे ख्याल परेशान करे तो, एक बात ध्यान में रखना कि, दुनिया में हमसे भी ज्यादा बुरे परिस्थिति में लोग जी रहे है और समय परिवर्तनशील है वक्त बदलता जरूर है, हमारा भी वक्त बदलेगा।

## राशिफल

**मेष** आज आपका मान-सम्मान और सामाजिक प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की छवि मजबूत होगी और लोगों के बीच आपकी बात को महत्व मिलेगा। हालांकि, किसी की कही बात को दिल पर लेने से मन परेशान हो सकता है।

**वृषभ** आज संपत्ति और निवेश से जुड़े मामलों में भाग्य आपका साथ दे सकता है। एक साथ कई काम आने से व्यस्तता जरूर बढ़ेगी, लेकिन प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने का सपना पूरा होने की उम्मीद है। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलने से आर्थिक स्थिति और मन दोनों बेहतर होंगे।

**मिथुन** आज समाजसेवा और अच्छे कामों के कारण आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है। आपकी नई कोशिशें सफल होंगी और लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए मेहनत जारी रखना बेहद जरूरी रहेगा। मन मौज-मस्ती में ज्यादा लग सकता है, जिससे काम टालने का मन करेगा, लेकिन खुद को अनुशासित रखें।

**कर्क** आज दिन सकारात्मक रहने के बावजूद मन में किसी बात को लेकर थोड़ी बेचैनी बनी रह सकती है। भाई-बहनों के साथ आपका रिश्ता और मजबूत होगा और उनका सहयोग भी मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कोई व्यक्ति आप पर गलत आरोप लगाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए अपनी बात शांत और स्पष्ट तरीके से रखें।

**सिंह** आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। पड़ोस या आसपास चल रहे विवादों से खुद को दूर रखना ही आपके लिए समझदारी होगी। पुराने लेन-देन से जुड़ी कोई उलझन सुलझ सकती है, जिससे राहत मिलेगी। अपने जरूरी कामों की जिम्मेदारी खुद संभालें और हर छोटी बात के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें।

**कन्या** आज सफलता और तरक्की के नए रास्ते आपके सामने खुल सकते हैं। लंबे समय से अटका कोई सरकारी काम पूरा होने की संभावना है, जिससे बड़ी राहत मिलेगी। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें। विदेश में पढ़ाई का सपना देखने वाले विद्यार्थियों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। माताजी के साथ हुई बातचीत आपकी कई उलझनों को सुलझाने में मदद करेगी।

**तुला** आज आपकी मेहनत का पूरा फल मिलने की उम्मीद है। भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए आप धन निवेश से जुड़ी नई योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। कानूनी मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। किसी सहयोगी की कही बात आपको भावुक या परेशान कर सकती है, लेकिन उसे अपने काम पर हावी न होने दें।

**वृश्चिक** आज आपके दिमाग में लगातार नए और शानदार विचार आते रहेंगे। कारोबार में किसी नए काम या योजना की शुरुआत लाभदायक साबित हो सकती है। जीवनसाथी के करियर में भी कोई नया अवसर दस्तक दे सकता है, जिससे परिवार में खुशी बढ़ेगी। आय में बढ़ोतरी से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लंबे समय से अटका हुआ काम पूरा होने पर मन को राहत मिलेगी।

**धनु** आज लेन-देन से जुड़े मामलों में विशेष सावधानी रखना जरूरी होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी, लेकिन किसी के बहकावे या दबाव में आकर फैसला न लें। माताजी की कही कोई बात आपको थोड़ी बुरी लग सकती है, इसलिए तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय शांत रहें।

**मकर** आज का दिन नई संभावनाओं और अच्छे अवसरों की ओर इशारा कर रहा है। यात्रा या घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे आपके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कोई बड़ा पद, जिम्मेदारी या सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ** आज घर-परिवार में मौज-मस्ती और खुशियों का माहौल रहेगा। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपकी कई चिंताओं को भुलाकर चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। पिताजी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलना आपको खास खुशी देगा। यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें।

**मीन** आज भागदौड़ ज्यादा रहने के कारण मन थोड़ा उलझा हुआ महसूस कर सकता है। काम में लापरवाही करने से आज की छोटी गलती भविष्य में बड़ी परेशानी बन सकती है, इसलिए हर जिम्मेदारी समय पर पूरी करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना होगा, वरना परीक्षा के समय मुश्किल हो सकती है। दूसरों के निजी मामलों में बिना मांगे सलाह देने से बचें।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बीजापुर में साक्षरता ध्वजारोहण

■ कलेक्टर विश्वदीप ने अधिकारियों को दिलाई उल्लास की शपथ, हर पात्र व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने का आह्वान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 सितम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर में साक्षरता ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले में साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ने का संदेश दिया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप देशभर में संचालित उल्लास कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे असाक्षर वयस्कों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के पात्र वयस्कों को पढ़ने-लिखने के साथ बुनियादी गणना का ज्ञान देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



### अधिकारियों ने लिया साक्षरता का संकल्प

समय-सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने जिले के सभी जिला अधिकारियों को उल्लास की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों से साक्षरता अभियान को केवल विभागीय कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जनअभियान के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक साक्षरता का संदेश पहुंचाने के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। शिक्षा के माध्यम से वंचित वयस्कों को सक्षम बनाना समाज और प्रशासन दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

### 15 सितंबर तक चलेगा साक्षरता पखवाड़ा

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आह्वान पर 1 से 15 सितम्बर तक प्रदेशभर में साक्षरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न शैक्षणिक एवं शासकीय संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम सहित विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से वयस्कों को दैनिक जीवन में उपयोगी पढ़ने-लिखने और गणना संबंधी बुनियादी ज्ञान उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति साक्षर, हर परिवार सशक्त÷की भावना को साकार करते हुए शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## एक नजर

### मोदी के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा, जनसेवा एवं सुशासन की यात्रा हम सभी के लिए अविस्मरणीय और अत्यधिक प्रेरणादायी है : बाफना

**जगदलपुर, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर बस्तर विधानसभा के करपावंड मंडल में 'सेवा संकल्प अभियान' 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भाजपा संगठन की विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना भी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बाफना ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा, जनसेवा एवं सुशासन की यात्रा हम सभी के लिए अविस्मरणीय और अत्यधिक प्रेरणादायी है। यह अवसर उनके सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के अटूट संकल्प को हर नागरिक तक पहुँचाने का है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अंतिम व्यक्ति तक विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान मंडल प्रभारी खितेश मौर्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सेवा काल भारत को विश्व पटल पर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का स्वर्णिम दौर है। करपावंड मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके सेवा संकल्प को घर-घर तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से समर्पित है। वहीं मंडल अध्यक्ष तरुण पाण्डे ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियाँ और उनका निःस्वार्थ नेतृत्व हम सभी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करता है। इस अभियान के माध्यम से हम मंडल के कोने-कोने में जाकर जनता के बीच सेवा और सुशासन का संदेश देंगे।

### संभाग के कर्मचारी 30 सितंबर को करेंगे प्रदर्शन: गजेंद्र श्रीवास्तव

**जगदलपुर, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने अपनी प्रमुख मांग केंद्र के समान महंगाई भत्ता तथा विगत 90 माह से अधिक का महंगाई भत्ता की बकाया एरियर्स के लिए एक बड़े आंदोलन की घोषणा कर दी है। प्रांतीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि इसके लिए 30 सितंबर को प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 2023 में नई सरकार के गठन के पूर्व भाजपा ने कर्मचारियों से लिखित वादा किया था। पूरे प्रदेश के जिला एवं विकासखंड के कर्मचारी सरकार की उपेक्षा पूर्ण रवैया से आक्रोशित है। छत्तीसगढ़ में केंद्र के समान महंगाई भत्ता तथा महंगाई भत्ता के 90 माह से अधिक लंबित एरियर्स को लेकर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वर्ष जनवरी 2017 म से जुलाई 2026 तक कुल 95 महीने का महंगाई भत्ता एरियर्स सरकार ने लम्बित रखा है।

### करलखा के ग्रामीण ने धर्मांतरण व जमीन कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर,9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम पंचायत करलखा के सैकड़ों ग्रामीण दो अलग-अलग शिकायतों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने गांव में कथित धर्मांतरण गतिविधियों और भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला उठाते हुए कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने दोनों मामलों में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि करलखा में एक व्यक्ति द्वारा बिना पंचायत एवं ग्राम सभा की अनुमति के प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित गतिविधियों को लेकर आपत्ति जताते हुए मामले की जांच की मांग की। ज्ञापन में करलखा को पांचवीं अनुसूची क्षेत्र बताते हुए पेसा कानून के तहत ग्राम सभा की भूमिका का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में इस तरह की गतिविधियों को लेकर पूर्व में भी आपत्ति जताई गई थी। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल ने ग्रामीणों की बात सुनकर उन्होने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की संदिग्ध अथवा कानून-विरुद्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। शिकायतों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क 15 दिन में ही हो गई खराब,गुणवत्ता पर उठे सवाल

## शांतिनगर वार्ड में वर्षों बाद बनी सड़क खराब होने पर लोगों ने की जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 सितम्बर।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के वार्ड क्रमांक 07 शांतिनगर में वर्षों के इंतजार के बाद बनी करीब 150 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण के महज 15 दिनों के भीतर ही खराब होने लगी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और टूट-फूट दिखाई देने का दावा वार्डवासियों ने किया है। वहीं कुछ हिस्सों में सड़क की मोटाई भी निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं होने की बात कही जा रही है। सड़क की शुरुआती स्थिति ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया गया कि सड़क का निर्माण घनश्याम यादव के घर से नगर पालिका के पुराने क्वार्टर तक किया गया है। वार्डवासियों के अनुसार इस मार्ग के निर्माण की मांग पिछले करीब 10 वर्षों से की जा रही थी। लंबे इंतजार के बाद निर्माण शुरू होने से लोगों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन सड़क के जल्द खराब होने से अब लोगों में नाराजगी है।



### बारिश के दौरान निर्माण को लेकर उठे सवाल

वार्डवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य बारिश के दौरान जल्दबाजी में कराया गया। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान पर्याप्त कॉम्पेक्शन नहीं किया गया, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हो गई है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि के लिए अभी तक कोई आधिकारिक तकनीकी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

### तकनीकी जांच की मांग

वार्डवासियों ने संबंधित विभाग से सड़क की तकनीकी जांच कराने, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, सड़क की वास्तविक मोटाई, बेस तैयार करने की प्रक्रिया और कॉम्पेक्शन की जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। वर्षों से सड़क की मांग कर रहे वार्डवासियों का कहना है कि उन्हें ऐसी सड़क चाहिए जो लंबे समय तक टिकाऊ रहे। निर्माण के कुछ ही दिनों में सड़क में खराबी सामने आने से अब वे गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच और सुधारात्मक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

### सड़क किनारे मुरुम नहीं, वाहन चालकों को परेशानी

वार्डवासियों ने सड़क निर्माण के साथ उसके दोनों किनारों पर पर्याप्त मुरूम नहीं बिछाए जाने की समस्या भी उठाई है। उनका कहना है कि सीसी सड़क के किनारों को समतल और सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक मुरूम बिछाया जाना चाहिए। किनारों पर पर्याप्त भराव नहीं होने से सड़क और आसपास के हिस्से के बीच ऊंचाई का अंतर बन गया है। वार्डवासियों के अनुसार कई स्थानों पर वाहन चालकों को साइड लेने में परेशानी हो रही है और असंतुलित होकर वाहन सड़क से नीचे उतरने की स्थिति बन रही है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

# हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों के लिए 4.84 करोड़ प्रोत्साहन राशि मंजूर

■ आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए प्रोत्साहन राशि मंजूर, तीन साल की एफडी में जमा होगी रकम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 सितम्बर।** हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास को आर्थिक आधार देने के लिए बीजापुर जिले में 4 करोड़ 84 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 के तहत मंजूर की गई है।

कलेक्टर विश्वदीप ने नीति में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार राशि के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि संबंधित आत्मसमर्पित नक्सलियों के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंकों में तीन वर्ष की सावधि जमा (एफ्डी) के रूप में रखी जाएगी।प्रोत्साहन राशि सीधे तत्काल निकालने के बजाय निर्धारित प्रक्रिया के तहत एफ्डी में जमा की जाएगी। नीति के अनुसार संबंधित आत्मसमर्पित नक्सली द्वारा राशि आहरण किए जाने से पहले पुलिस अधीक्षक का प्रमाणन आवश्यक होगा। इसके बाद ही निर्धारित शर्तों के अनुरूप जमा राशि निकालने की अनुमति दी जाएगी। पुनर्वास नीति का उद्देश्य आत्मसमर्पण करने वाले लोगों को आर्थिक संबल देकर उन्हें सामान्य सामाजिक जीवन की ओर लौटने का अवसर देना है। इसके तहत रोजगार, स्वरोजगार और सुरक्षित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

बीजापुर लंबे समय से नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहा है। ऐसे में आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहायता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 4.84 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति से आत्मसमर्पित लोगों को हिंसा से दूर होकर स्थायी रूप से समाज की मुख्यधारा से जुड़ने में आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद है। कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि शासन की पुनर्वास नीति का मूल उद्देश्य हिंसा का रास्ता छोड़ने वाले लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर एवं सुरक्षित भविष्य का अवसर उपलब्ध कराना है।

# टुंडेर में ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का किया आत्मीय स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 9 सितम्बर।** जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत बेंगलूर के आश्रित ग्राम टुंढेर (बारसूर क्षेत्र) में मंगलवार को पहली बार बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी पहुंचे। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। लंबे समय बाद क्षेत्र में पहुंचे जनप्रतिनिधि के सामने ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याएं रखीं और उनके निराकरण की मांग की।

विधायक मंडावी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों की पेयजल संबंधी जरूरत को देखते हुए विधायक की ओर से पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया, जिससे गांव में पानी की समस्या से तत्काल राहत मिलने की उम्मीद है। दूरस्थ एवं अंतिम छोर के गांव में विधायक की मौजूदगी के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों और समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा और उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान जांगला क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य लच्छूराम मौर्य, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, विधायक प्रतिनिधि जगदेव यादव, युवा कांग्रेस महासचिव सियाराम समरथ, सरपंच रामली मंडावी, उपसरपंच लक्ष्मी मंडावी, पूर्व जनपद सदस्य साहबो लेकामी सहित देवासिंग कारटामी, धनिसिंह पदामी, माही लेकामी, ललित कुमार कश्यप, शिव कश्यप समेत कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंदरूनी इलाके में तैनात जवानों के सेहत की शिविर में की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 9 सितम्बर।** नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जवानों की सेहत को लेकर मंगलवार को 14वीं वाहिनी (भा.र.) छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 'बी' कंपनी कैम्प तारूड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। कठिन और संवेदनशील क्षेत्र में लगातार ड्यूटी निभा रहे अधिकारियों एवं जवानों के लिए आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरत के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श दिया।

शिविर का शुभारंभ जिला बीजापुर की सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर ने किया। इस दौरान जवानों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, नेत्र जांच और मलेरिया समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के बाद चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर आवश्यक दवाइयां और स्वास्थ्य किट भी वितरित की गई।



### बीमारी से बचाव के बताए उपाय

मेडिकल टीम ने जवानों को मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता और संतुलित पोषण को लेकर जरूरी जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जवानों की शंकाओं का समाधान करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच को महत्वपूर्ण बताया।

**स्वस्थ जवान, बेहतर ड्यूटी:** 14वीं वाहिनी की सेनानी मोनिका ठाकुर ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवानों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ जवान ही अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविर में आई स्पेशलिस्ट डॉ. तरूण कुमार, एमडी मेडिसिन डॉ. राहुल राठौर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजत ठाकुर, नेत्र अधिकारी अर्जुन प्रधान, फार्मासिस्ट जयशंकर, डॉ. जेंडी सत्यनारायणा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं जवानों ने स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।

### पांचवें वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्रों में गूंजेगा गणपति बप्पा मोरया का जयघोष

**सुकमा, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आस्था, सेवा और सामाजिक एकता को समर्पित बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति, सुकमा द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर लगातार पांचवें वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क श्री गणेश प्रतिमा वितरण की पहल की जा रही है। समिति द्वारा पिछले चार वर्षों से सुकमा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव समितियों को भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष भी इस सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए 2 से 3 फीट आकार की श्री गणेश प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। समिति का उद्देश्य केवल गणेश प्रतिमाओं का वितरण करना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी एकता को मजबूत करना भी है। गणेश उत्सव के माध्यम से गांव-गांव में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित हो तथा समाज के सभी वर्ग मिलकर उत्सव मनाएं, इसी भावना के साथ यह पहल लगातार पांचवें वर्ष भी जारी रखी जा रही है।

# पक्की सड़क के इंतजार में गांव, बारिश में कीचड़ से ग्रामीण परेशान


प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 बार सर्वे, किंतु स्वीकृति प्राप्त नहीं
भीमारमपारा में वर्षों से पक्की सड़क की मांग अधूरी, ग्रामीणों में आक्रोश
बारिश में कीचड़ व गड्ढों के चलते ग्रामीणों व स्कू[ल]
[ज]ाने वाले बच्चों का पैदल चलना हुआ मुश्कि[ल]

लगातार तरुण छत्तीसगढ़ में प्रकाशित खबर

**राजकुमार कोण्डागुरला**

**बीजापुर, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत और गांवों के विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जिले के भोपालपटनम ब्लॉक में जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ब्लॉक मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रूद्रारम के आश्रित ग्राम बोरगुड़ा और भीमारमपारा को जोड़ने वाला मार्ग आज भी पक्की सड़क की बाट जोह रहा है। बारिश शुरू होते ही यही कच्चा रास्ता कीचड़, गड्ढों और जलभराव में तब्दील हो जाता है और ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किलों में घिर जाती है।

वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों ने अब जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा के समक्ष अपनी समस्या रखी है। ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए मांगपत्र भेजा गया है। अब ग्रामीणों की निगाहें शासन की स्वीकृति पर टिकी हैं।

**बारिश में सड़क बना मुसीबत का रास्ता:** हल्की बारिश के बाद ही बोरगुड़ा-भीमारमपारा मार्ग की हालत बद से बदतर हो जाती है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है और पूरा रास्ता कीचड़ से लथपथ हो जाता है। पैदल चलना तो मुश्किल है ही, दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं। फिसलन के कारण आए दिन बाइक सवारों के गिरने की स्थिति बनती है। वहीं आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बन जाता है। एंबुलेंस जैसे बड़े वाहन के लिए कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है।





**स्कूली बच्चों की राह में कीचड़ और गड्ढे :** इस बदहाल सड़क का सबसे ज्यादा खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में बच्चे रोजाना कीचड़ और पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर सड़क की हालत इतनी खराब है कि बच्चों को गड्ढों और जलभराव से बचते हुए रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली सिर्फ आवाजाही की समस्या नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा, ग्रामीणों के स्वास्थ्य और गांव की आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा गंभीर सवाल है।

**वर्षों से मांग, आश्वासन मिले लेकिन सड़क नहीं:** ग्रामीणों के मुताबिक पक्की सड़क निर्माण की मांग कोई नई नहीं है। वर्षों से लगातार आवेदन और शिकायतें की जाती रही हैं। चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से सड़क निर्माण के आश्वासन भी मिले, लेकिन ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी धरातल पर सड़क निर्माण की दिशा में ठोस काम शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश में वही समस्या दोहराई जाती है। प्रशासनिक स्तर पर कागजी कार्रवाई होती है, लेकिन सड़क की तस्वीर जस की तस बनी हुई है।

**पीएमजीएसवाय में सर्वे और डीपीआर तैयार, फिर भी स्वीकृति का इंतजार:** ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेस-4 के तहत इस मार्ग के डामरीकरण के लिए सर्वे किया गया है। बताया गया है कि सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर उच्च कार्यालय को भेजा जा चुका है, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

इधर, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। ऐसे में अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि शासन स्तर से जल्द स्वीकृति मिलकर वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

**अब आश्वासन नहीं, सड़क चाहिए:** ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश में कीचड़ और गड्ढों से जूझना उनकी मजबूरी बन चुकी है। गांव के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, किसानों को आवागमन में परेशानी होती है और किसी के बीमार पड़ने पर अस्पताल तक पहुंचना भी चुनौती बन जाता है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया को जल्द पूरा कर स्वीकृति प्रदान की जाए और बारिश के दौरान तत्काल राहत के लिए मार्ग को चलने योग्य बनाया जाए।

अब सवाल यह है कि ब्लॉक मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर बसे गांव को पक्की सड़क के लिए आखिर और कितना इंतजार करना पड़ेगा? पीएमजीएसवाय की डीपीआर और जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रस्ताव के बाद ग्रामीणों की उम्मीदें जरूर जगी हैं, लेकिन असली राहत तभी मिलेगी जब फाइलों से निकलकर सड़क का निर्माण धरातल पर दिखाई देगा।

## एक नजर

### शिक्षा में नवाचार और स्टार्टअप सोच को बढ़ावा देना समय की जरूरत : ओपी चौधरी

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** पीएम श्री शासकीय विद्यालय कोड़ातराई में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान सह फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फन फेयर का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नवाचार की सोच की सराहना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। शिक्षकों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता, नवाचार और नई सोच विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि तकनीक के तेजी से बदलते दौर में विद्यार्थियों में इनोवेशन और स्टार्टअप की सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन को क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

### जिले में जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 सितंबर को

**महासमुंद, 9 सितंबर ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा जिले के शिक्षित एवं योग्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 सितंबर 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला लाइवलीहुड कॉलेज, द्वितीय तल, पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर, ग्राम-बरोडाबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा 10वीं, 12वीं, बीएससी एग्रीकल्चर, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती की जाएगी। स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड, अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, रजत इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 200 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य नियोजकों के उपस्थित होने पर उन्हें भी रोजगार मेले में सम्मिलित किया जाएगा। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित स्थल एवं समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के स्वयं के फोटो के साथ उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों को छत्तीसगढ़ रोजगार एप/वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। रोजगार मेले में भाग लेने की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

### भखारा में विश्व साक्षरता दिवस पर रैली निकाली गई



**अंवरी, 9 सितंबर।** शासकीय माध्यमिक शाला भखारा में आज विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रधान पाठिका श्रीमती उषा साहू के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई।रैली शाला से प्रारंभ होकर भखारा के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः शाला परिसर में संपन्न हुई।रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने सब पढ़ें सब बढ़ें पढ़ेगा भखारा तो बढ़ेगा भखारा साक्षरता है अधिकार, मत करो इसको बेकार जैसे नारों से नागरिकों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर प्रधान पाठिका श्रीमती उषा साहू ने कहा कि साक्षरता केवल किताब पढ़ना नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और विकास की पहली सीढ़ी है। हमारा उद्देश्य है कि भखारा का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर व्यक्ति साक्षर बने। कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, महिलाएं उपस्थित रहे।

### लिव-इन रिलेशनशिप भावी युवा पीढ़ी के लिए हानिकारकः डॉ. हरदेल

**अंवरी, 9 सितंबर।** देश के कानून में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवक-युवती को अपनी इच्छा से साथ रहने की कानूनी मान्यता है, लेकिन व्यावहारिक जीवन और सामाजिक दृष्टिकोण से लिव-इन रिलेशनशिप भावी युवा पीढ़ी के लिए कितना उचित है, इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

यह बात भखारा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहन हरदेल ने कही। डॉ. हरदेल ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र युवाओं के लिए शिक्षा पूरी कर अपने कैरियर की दिशा तय करने और जीवन में आगे बढ़ने की उम्र है। इस उम्र में युवा मेहनत और लगन से अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। वहीं, कम उम्र में भावनात्मक संबंधों में उलझने से कई बार उनके सामने सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वे कानून का सम्मान करते हैं और कानून के विरोध में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गढ़उमरिया-4 एवं बाराडोली-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं 22 सितंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल aww.bharti.in के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### मासूमों की जिंदगी से न हो खिलवाड़, सर्वे करा सरकार करे सख्त कार्रवाई

# राजधानी दिल्ली हॉस्टल हादसे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़,9 सितम्बर।** राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में हुए खौफनाक बिल्डिंग हादसे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है, जहां एक बहुमंजिला पीजी हॉस्टल के मलबे में दबकर कई बेकसूरों की जान चली गई और मासूम बच्चे जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इस दिल दहला देने वाली और लोमहर्षक घटना के बाद छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में इंसानियत और संवेदनाओं की एक ऐसी मिसाल कायम हुई है, जिसकी गूंज हर दिल को झकझोर रही है।

शायद देश में यह अपने किस्म का पहला ऐसा अनूठा आयोजन है, जहां किसी संगठन ने इतनी बड़ी त्रासदी पर शोक जताने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक मार्ग का सहारा लिया हो। श्री संकट मोचन हनुमान गुड़ी मंदिर, सुभाष चौक में मारवाड़ी युवा मंच महिला संस्कृति शाखा के द्वारा एक विशेष और सामूहिक आयोजन किया गया। इस अभूतपूर्व अनुष्ठान के तहत, मलबे में जान गंवाने वाले दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रहे घायलों एवं सुरक्षित बचे 12 लोगों (जिनमें गंभीर रूप से घायल 5 मासूम बच्चे भी शामिल हैं) की दीर्घायु के लिए श्री हनुमान जी के सुंदरकांड एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। देश भर में इस प्रकार की वीभत्स दुर्घटना के बाद पीड़ितों के संबल के लिए इस तरह का धार्मिक और सामूहिक आयोजन अपने आप में अनोखा और पहला है

### अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता के छलके आंसू, गूंज उठा पूरा प्रांगण

इस दर्दनाक हादसे की भयानकता और बच्चों की पीड़ा को जब समिति की अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता ने याद किया, तो उनका गला रुंध गया और वे बेहद भावुक हो उठीं। आयोजन के दौरान उनकी आंखों से छलकते आंसू और असमर्थता इस बात की गवाही दे रहे थे कि उस हादसे का दर्द रायगढ़ की हर महिला के दिल पर कितना गहरा असर पड़ा है। बच्चों के प्रति उनका यह मातृत्व प्रेम और तड़प देखकर वहां मौजूद हर शख्स भावुक हो उठा सुबह 11 बजे आरंभ हुये इस अनुष्ठान के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को विश्राम दिया गया इसके पहले शहर की समाजसेविका रेखा महामिया ने भी हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतात्माओं के प्रति श्रदांजलि अर्पित की ओर बड़े ही विचलित एवं व्यथित मन से उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की उन्होंने बताया कि आज सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के दीर्घायु होने की कामना के साथ किया गया देश आगे इस प्रकार की घटना न हो इसकी भी चिंता की जानी चाहिए.

### जर्जर भवनों की शिनाख्त कर होनी चाहिए कार्रवाई

इस लोमहर्षक मौके पर दीप्ति गुप्ता ने घटना को अत्यंत क्रूर व दुखद बताते हुए सरकार से आग्रह किया कि वो यह सुनिश्चित करे कि आगे इस प्रकार के हादसे न हो सरकार जर्जर भवनों का सर्वे करा जल्द करे सख्त कार्यवाही उन्होंने कहा कि चंद मुनाफे के लालच में अब आम जनता और मासूमों की जान से खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए सरकार को देश भर के जर्जर और अवैध भवनों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी परिवार इस तरह की लापरवाही की भेंट न चढ़े ? मारवाड़ी युवा मंच महिला संस्कृति शाखा की महिलाओं ने सच्चे मन से किया गया सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का सामूहिक अनुष्ठान निश्चित ही घायलों के लिए संजीवनी का काम करेगा और मृत आत्माओं को अपने चरणों में शांति प्रदान करेगा कार्यक्रम में रेखा महामिया आशा अग्रवाल पूनम अग्रवाल शालू गोयल रेखा अग्रवाल पपल अग्रवाल कोषाध्यक्ष मधु गुप्ता चंद्रकला अग्रवाल ममता अग्रवाल नेहा अग्रवाल नम्रता अग्रवाल एवं अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता सहित महिलाएं उपस्थित रही दीप्ति गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं मृतकों को श्रद्धाजंलि देने के लिए संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

## पक्के आवास से जीवन में आया सुरक्षा और सम्मान का बदलाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 सितम्बर ।** कभी मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत के नीचे परिवार के साथ जिंदगी गुजारने वाले सुरषोत्तम राठिया के लिए पक्का मकान किसी सपने से कम नहीं था। सीमित आमदनी के चलते वे चाहकर भी अपने परिवार के लिए सुरक्षित और मजबूत घर नहीं बना पा रहे थे। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर आई। शासन की सहायता और अपनी मेहनत से सुरषोत्तम ने अपने सपने को हकीकत में बदला और आज उनका परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम छाल निवासी सुरषोत्तम राठिया का आवास स्वीकृत हुआ था। योजना का लाभ मिलने से पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी से बने कच्चे मकान में खपरैल की छत के नीचे रहते थे। वे बरसात के मौसम में धान की खेती करते हैं और वर्ष के बाकी समय मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। सीमित आय के कारण उनके लिए पक्का मकान बनाना संभव नहीं हो पा रहा था। आवास स्वीकृत होने के बाद सुरषोत्तम ने शासन से प्राप्त सहायता राशि के साथ अपनी बचत का उपयोग कर मकान का निर्माण शुरू किया। उन्होंने स्वयं मेहनत करते हुए निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपने आवास को तैयार किया। लगातार प्रयास के बाद उनका सुंदर और मजबूत पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आज सुरषोत्तम का परिवार बारिश, गर्मी और अन्य मौसम की परेशानियों से काफी हद तक सुरक्षित है। सुरषोत्तम के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान बनाने की योजना नहीं, बल्कि परिवार के सुरक्षित और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव साबित हुई है।

### छाल ग्राम पंचायत में आवास निर्माण को मिली गति

धरमजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत छाल प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण बनी है। पीएम आवास के तहत ग्राम पंचायत छाल में कुल 113 आवास स्वीकृत किए गए। इनमें से 94 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 19 आवास निर्माणाधीन हैं। वर्तमान में 46 आवास स्वीकृत हैं। आवास निर्माण को गति देने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक द्वारा हितग्राहियों को लगातार प्रेरित किया गया तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया।

## खरसिया के बाल मंदिर स्कूल में अधोसंरचना विकास के लिए 26.50 लाख रुपये स्वीकृत

**रायगढ़, 9 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में भी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) द्वारा खरसिया के बाल मंदिर स्कूल में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 26 लाख 50 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की 11 मई 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के उच्च प्राथमिकता प्राप्त शिक्षा सेक्टर अंतर्गत उक्त राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से नगर पंचायत खरसिया के वार्ड क्रमांक 11 स्थित बाल मंदिर स्कूल में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य का क्रियान्वयन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद खरसिया द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत कार्य को निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप 210 दिनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अतिरिक्त कक्षा-कक्ष के निर्माण से बाल मंदिर स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## हरित रायगढ़' अभियान 10 सितंबर को,जिले की शासकीय नर्सरियों में होगा पौधा वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** जिले को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से उद्यानिकी विभाग, रायगढ़ द्वारा 'हरित रायगढ़' पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 10 सितंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से जिले की सभी सात शासकीय नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का निरूशुल्कध्विभागीय स्तर पर वितरण किया जाएगा। विभाग ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लेकर उनका रोपण करने और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

'हरित रायगढ़' अभियान के तहत नागरिकों को विभिन्न उपयोगी एवं फलदार प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें आम, अमरूद, नींबू, मुनगा और आंवला सहित अन्य प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करना तथा जिले में हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

### जिले की सात शासकीय नर्सरियों में किया जाएगा पौधा वितरण

पौध वितरण कार्यक्रम जिले की सात शासकीय नर्सरियों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी नर्सरी में पहुंचकर पौधे प्राप्त कर सकते हैं। पौध वितरण के लिए निर्धारित स्थानों में शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर रायगढ़, शासकीय उद्यान रोपणी बाघड़ोला पुसौर, शासकीय उद्यान रोपणी अंजोरीपाली खरसिया, शासकीय उद्यान रोपणी बसनपाली तमनार, शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा लैलूंगा, शासकीय उद्यान रोपणी धरमजयगढ़ तथा शासकीय उद्यान घरघोड़ा शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 सितम्बर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने एल-1, एल-2 एवं एल-3 स्तर पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सर्वाधिक प्रकरण लंबित रखने वाले विभागों की विशेष समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का बारीकी से परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में प्रकरणों के निराकरण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। सभी विभाग नियमित रूप से लंबित आवेदनों की समीक्षा कर समय-सीमा के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित करें।बैठक में कृषि विभाग के अंतर्गत खाद एवं कृषि यंत्रों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। पंचायत विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी तरह राजस्व विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उनके प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।कलेक्टर ने जल संसाधन सहित ऐसे विभागों, जिनके विभिन्न कार्यालय संचालित हैं, वहां मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों के बेहतर समन्वय एवं सतत मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी स्पष्ट होने से लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी और आवेदकों को समय पर राहत मिल सकेगी। आबकारी विभाग के अंतर्गत अवैध शराब सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए भी कलेक्टर ने संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं आवश्यक प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी आवेदनों को केवल शासकीय प्रक्रिया के रूप में न लें।

## सेवा संकल्प अभियान के लिए प्रभारी मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 9 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। जिले में अभियान का व्यापक एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने और विकसित भारत-2047 के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का अभियान है। अभियान के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के साथ ही जनभागीदारी आधारित सेवा गतिविधियों को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अभियान के अंतर्गत राज्य से लेकर जिला, विकासखंड, ग्राम एवं वार्ड स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दिया उत्सव' आयोजित किया जाएगा। वहीं 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी से विकसित भारत की संकल्पना पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक सहित विविध रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नमो सेवा गाथा के अंतर्गत 25 वर्षों की सेवा, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समाज में आए सकारात्मक बदलावों पर आधारित सरल एवं भावनात्मक नाट्य प्रस्तुतियां विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'आंगन का मिलन' के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण, सामुदायिक सेवा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान अवधि में सकारात्मक परिवर्तन और जनकल्याण से जुड़ी 'कहानी बदलाव की' के माध्यम से शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के प्रेरक अनुभवों और सफलता की कहानियों को भी साझा किया जाएगा।

## दतरेंगी में शिवरतन शर्मा ने लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण :भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा,9 सितंबर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दतरेंगी में मंगलवार को विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने शिवरतन शर्मा का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल मंत्र है - सबका साथ, सबका विकास। हमारा संकल्प है कि भाटापारा विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुँचे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचे। दतरेंगी का यह विकास उसी संकल्प का परिणाम है। शिवरतन शर्मा ने कहा की समाज के भवन बनने से हमारे सामाजिक बंधन और मजबूत होंगे। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष और बाउंड्रीवाल बनने से हमारे बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। हमारी कोशिश है कि गांव के बच्चों को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े और गांव में ही सभी सुविधाएं मिलें।वैसे ही माँ महामाया मंदिर में रंगमंच बनने से हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को एक अच्छा मंच मिलेगा और हमारी परंपरा आगे बढ़ेगी। सीसी रोड बनने से आवागमन में सुविधा होगी। यह सारे काम आप सबकी मांग पर स्वीकृत हुए हैं। हमने हमेशा कोशिश की है कि जो काम जरूरी है, उसे प्राथमिकता से कराया जाए। शासन की योजनाएं गांव तक पहुंचे, इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। दतरेंगी सहित पूरे भाटापारा क्षेत्र में विकास के लिए आगे भी इसी तरह कार्य होते रहेंगे। ग्राम पंचायत दतरेंगी में कुल 7 महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया जिसमे - साहू समाज सामुदायिक भवन सी.एस.सी. भवन जायसवाल समाज सामुदायिक भवन निर्माण माँ महामाया मंदिर परिसर में भव्य रंगमंच निर्माण, सी.सी. रोड निर्माण. शासकीय हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हाईस्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल एवं अहाता निर्माण इस गरिमामय अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, पवन वर्मा, प्रदीप अनंत, झाला राम साहू, कमलेश साहू, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू,बहोरीक यदु, सुरेश वर्मा, प्रमोद निषाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मोबाइल कैम्प से श्रमिकों को पंजीयन,कार्ड अपडेशन,ई-केवाईसी की मिल रही सुविधा



**रायगढ़, 9 सितम्बर।** श्रमिक पंजीयन कार्ड के अपडेशन एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के सभी कार्यशील वीएलई/सीएससी संचालकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के साथ ही प्रत्येक संचालक को प्रतिदिन आवंटित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए क्लस्टरवार लक्ष्य निर्धारित कर संबंधित वीएलई/सीएससी संचालकों को सौंपे गए। एडीएम ने कहा कि श्रमिक पंजीयन कार्ड के अपडेशन और ई-केवाईसी के कार्य में अपेक्षित गति लाई जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित संचालक पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल कैम्प भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन, पंजीयन कार्ड अपडेशन एवं ई-केवाईसी संबंधी कार्य मौके पर ही किए जा रहे हैं। एडीएम ने सभी वीएलई/सीएससी संचालकों को मोबाइल कैम्प में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर निर्धारित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को अपने पंजीयन एवं ई-केवाईसी के लिए दूर जाने या अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। समीक्षा बैठक में असंगठित श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता और लाभ के संबंध में भी सीएससी संचालकों को आवश्यक जानकारी दी गई।

# एक नजर

## ओबीसी दिवस पर मड़ेली में जुटेगा पिछड़ा वर्ग

**भखारा 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 सितम्बर ओबीसी दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय,समान अवसर एवं ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनजागरूकता और सामाजिक एकजुटता के उद्देश्य से ग्राम मड़ेली (कुरूद) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने ओबीसी समाज, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ओबीसी दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने अधिकार, प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय के लिए संकल्प लेने का दिन है। जाति आधारित जनगणना, जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व तथा शिक्षा, रोजगार एवं राजनीतिक भागीदारी में न्यायपूर्ण अवसर ओबीसी समाज की प्रमुख आवश्यकताएं हैं। अधिवक्ता श्री साहू ने कहा कि ÷अधिकार मांगने से नहीं, संगठित और जागरूक समाज की लोकतांत्रिक आवाज से मजबूत होते हैं। आइए, 10 सितम्बर को मड़ेली पहुंचकर ओबीसी एकता और सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूत करें।

## पलारी विकास योजना प्रारूप का हुआ प्रकाशन



**बलौदाबाजार, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कसडोल विधायक संदीप साहु ने सोमवार को पलारी विकास योजना (प्रारूप) 2041 के प्रकाशन का फीता काटकर शुभांरभ किया। पलारी विकास योजना में पलारी सहित कुल 11 ग्रामों को शामिल किया गया है। विधायक श्री साहु ने पलारी विकास योजना के महत्व को बताते हुए आम जनता से अपील किया कि मानचित्र का अवलोकन कर आपत्ति सुझाव दर्ज करा सकते है। 2041 तक 60,000 (साठ हजार) जनसंख्या को आधार मानकर विकास योजना तैयार किया गया है जिसमें आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक पीएसपी एवं अन्य उपयोग हेतु भूमि आरक्षित की गयी है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष बंटी वर्मा , उप संचालक बी. एल. बांधे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज बंजाराड्डएवं गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष ने ली उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक



**बलौदाबाजार, 9 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में कृषकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। अध्यक्ष ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छोटे रकबे वाले किसानों को उद्यानिकी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी किसनो को देने हेतु विकासखंड स्तर पर पर्याप्त प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया।उन्होंने पटेल समाज एवं अन्य उद्यानिकी कृषकों से विस्तृत चर्चा की। उद्यान विकास अधिकारी ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय अनुदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यानिकी कृषक धनेश्वर निषाद ने बताया कि आधा एकड़ में मूली की खेती कर 2 से 2.50 लाख लाभ प्राप्त हुआ तथा कृषक चुलेश्वर पटेल ने बताया कि आधुनिक तकनीक ड्रीप प्रतिस्थापन कर अदरक की खेती से प्रति हेक्टेयर 8 टन उत्पादन लिया गया है एवं अन्य कृषकों के द्वारा ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर मिर्च, भिण्डी की खेती से प्राप्त लाभ से अवगत कराया गया।

# भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी पर लोक भवन में सांस्कृतिक संध्या





**रायपुर, 9 सितंबर।** भारत रत्न एवं प्रख्यात संगीतकार, गायक, गीतकार और फिल्मकार डॉ. भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आज लोक भवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. हजारिका के कला, संगीत एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया तथा उनकी कालजयी रचनाओं और जीवन-यात्रा को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी पर लोक भवन में सांस्कृतिक संध्याभारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी पर लोक भवन में सांस्कृतिक संध्या

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि डॉ. भूपेन हजारिका का संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं था, बल्कि उसमें समाज, संस्कृति, प्रकृति, मानवीय संवेदना और राष्ट्रीय एकता की गहरी अभिव्यक्ति थी। उन्होंने अपने गीतों और संगीत के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने का कार्य किया। उनकी रचनाएं आज भी लोगों को सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों का संदेश देती हैं।

सांस्कृतिक संध्या में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के कलाकारों ने डॉ. भूपेन हजारिका के जीवन एवं रचनाओं पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। नृत्य के माध्यम से उनकी रचनाओं और जीवन-यात्रा को प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया। महाकालीबाड़ी एवं विश्वनाथ मंदिर समिति, पंडरी, रायपुर के कलाकारों ने डॉ. हजारिका द्वारा गाए प्रसिद्ध गीतों की भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति दी। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री अनुज शर्मा, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस. भारती दासन सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# शहरों में नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों में लाएं तेजी : मुख्यमंत्री



**रायपुर 9 सितंबर।** शहरों का विकास केवल अधोसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था और सुगम सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों का वास्तविक लाभ नागरिकों तक समय पर पहुंचे, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के नगरीय निकायों में युवाओं को अध्ययन के लिए आधुनिक और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए जा रहे सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन 'नालंदा परिसर' की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन परिसरों के कार्यों में तेजी लाते हुए इन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि योजना के अंतर्गत तीन वित्तीय वर्षों में प्रदेश के 38 नगरीय निकायों में नालंदा परिसर निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिनमें 31 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं। मुख्यमंत्री ने इन परिसरों में प्रस्तावित सीटों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर में निर्माणाधीन नालंदा परिसर की प्रगति की भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नगरोत्थान योजना की समीक्षा करते हुए शहरों में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधोसंरचना विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 14 नगर निगमों के लिए प्रारंभ की गई इस योजना के तहत मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण, बाईपास, फ्लाईओवर, सर्विस लेन और अंडरपास सहित यातायात से संबंधित आवश्यक अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपनी पूर्व घोषणाओं के अंतर्गत स्वीकृत नगरीय विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि नगरीय निकायों के सतत, संगठित एवं नागरिक-केंद्रित विकास के लिए 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' प्रारंभ की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और इसके अंतर्गत 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साफ सफाई जैसी बुनियादी सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नागरिकों से सीधे जुड़ी इन सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त अनटाइड एवं टाइड ग्रांट से किए जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इसके माध्यम से सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था, जल प्रदाय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और वायु गुणवत्ता सुधार से संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि रायपुर नगर निगम ने वायु प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सुधार किया है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में रायपुर ने 189 अंक प्राप्त कर देश में छठा स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय वार्ड रैंकिंग-2026 में रायपुर के वार्ड क्रमांक 46 ने 30 हजार से अधिक आबादी वाली श्रेणी तथा वार्ड क्रमांक 30 ने 10 हजार से 30 हजार आबादी वाली श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि के लिए विभाग और नगर निगम की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के साथ स्वस्थ और बेहतर शहरी जीवन के लिए हरित क्षेत्र भी जरूरी हैं। उन्होंने वार्डों में उद्यान विकसित करने तथा जिन क्षेत्रों में वृक्षों की संख्या कम है, उनका चिन्हांकन कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने शहरी ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन पर जोर देते हुए प्रत्येक नगरीय निकाय में अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 और 2.0 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत आवासों, निर्माण की स्थिति, आबंटन और व्यवस्थापन की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि आवासों के आवंटन एवं व्यवस्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र परिवारों को शीघ्र अपने पक्के आवास का लाभ मिल सके।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 9 सितंबर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को असम राज्य का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को असम का प्रभारी बनाए जाने पर आज उनके रायपुर स्थित निवास कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष आदिवासी जिला कांग्रेस धमतरी मनोज साक्षी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर अध्यक्ष आदिवासी जिला कांग्रेस मनोज साक्षी ने कहा कि भूपेश बघेल जी एक अनुभवी, जमीनी और किसान-मजदूरों के सच्चे हितैषी नेता हैं। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। निश्चित ही उनके प्रभारी बनने से असम में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होगी और आने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से राजेन्द्र सोनी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, मनोज साक्षी अध्यक्ष आदिवासी जिला कांग्रेस धमतरी, किशन गजेन्द्र युवा कांग्रेस, नितिन पिंकी यदु उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस, भरत लहरे उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी-सिहावा उपस्थित थे। सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हाईकमान ने एक सही और अनुभवी व्यक्ति को असम की जिम्मेदारी दी है। भूपेश बघेल जी के मार्गदर्शन में असम में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## ग्राम चिचोली में उपेक्षा का शिकार हो रही वीरांगना की प्रतिमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 सितंबर।** ग्राम चिचोली में स्थापित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लंबे समय से रंग-रोगन और रखरखाव के अभाव में उपेक्षा का शिकार हो रही है। प्रतिमा परिसर की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है। देश की स्वतंत्रता के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाली रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को उचित देखरेख की आवश्यकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर स्थापित यह प्रतिमा युवाओं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लेकिन समय पर रंग-रोगन नहीं होने तथा आसपास साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का अभाव होने के कारण प्रतिमा की सुंदरता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने संबंधित जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि से मांग की है कि प्रतिमा की तत्काल साफ-सफाई कराकर रंग-रोगन कराया जाए और परिसर का भी सौंदर्यीकरण किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि महापुरुषों एवं



वीरांगनाओं की प्रतिमाओं का संरक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके सम्मान और इतिहास को जीवंत रखने की जिम्मेदारी है। लोगों ने जल्द पहल कर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को नया स्वरूप देने की मांग की है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत



**रायपुर 9 सितंबर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं वरिष्ठ जननेता बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र सरकार द्वारा एक और महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की 'हिन्दी सलाहकार समिति' में सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सदस्य मनोनीत किया गया है।अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू इस उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष तथा अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन इसके उपाध्यक्ष हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य एवं दायित्व भारतीय संविधान, राजभाषा अधिनियम और संबंधित नियमों में राजभाषा के उपबंधों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के दैनिक प्रशासनिक कार्यों, योजनाओं और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को निरंतर बढ़ावा देना है।

अपनी इस नियुक्ति पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, ÷हिन्दी, संवाद के माध्यम के साथ साथ हमारी सांस्कृतिक अस्मिता, राष्ट्रीय एकता और जन-गण-मन को जोड़ने वाला सेतु है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की कार्यप्रणाली में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग जन-जन तक सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाएगा। मुझे इस महत्वपूर्ण समिति का सदस्य बनाकर जो दायित्व सौंपा गया है, उसके लिए मैं लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी , केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

## जनदर्शन बना जरूरतमंदों के लिए उम्मीद का मंच

**मुंगेली,9 सितंबर।** कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में जिले में आम नागरिकों की समस्याओं और जरूरतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित किए जा रहा जनदर्शन कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निराकृत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड मुंगेली के ग्राम करूपान निवासी महेंद्र कुमार साहू के लिए जनदर्शन का दिन उनके जीवन में नई सुविधा और आत्मनिर्भरता की सौगात लेकर आया।

# दिल्ली में सतनामी महासभा भवन के लिए 10 हजार वर्गफीट जमीन की मांग

■ महासभा भवन के लिए जमीन दिलाने बृजमोहन से मिले पदाधिकारी

■ महासभा भवन के लिए 10 हजार वर्गफीट भूमि की मांग

**रायपुर 9 सितंबर।** अखिल भारतीय सतनामी महासभा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नई दिल्ली में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में में महासभा के भवन हेतु जमीन आवंटन के लिए मांग पत्र सौंपा।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमहंत दसेराम खाण्डे के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि, महासभा के नेतृत्व में संपूर्ण भारतवर्ष में सतनाम पंथ एवं समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन निरंतर किया जाता है। देशभर से समाज के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु देश की राजधानी नई दिल्ली में महासभा के एक भवन/कार्यालय की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिसके लिए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से नई दिल्ली में 10,000 वर्गफीट भूमि आवंटन कराने का आग्रह किया है।

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश की राजधानी समाज का भवन होना अत्यंत आवश्यक और सामयिक है। इसके लिए मैं स्वयं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा संबंधित सक्षम प्राधिकारियों से चर्चा कर भूमि आवंटन हेतु हरसंभव ठोस पहल करूँगा।

उन्होंने कहा कि, परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का अमर संदेश संपूर्ण विश्व और मानवता का मार्गदर्शक है। सतनामी समाज की आस्था और गौरव से मेरा जुड़ाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मिक और पारिवारिक है। छत्तीसगढ़ में मंत्री रहते हुए गिरौदपुरी धाम में विश्व के सबसे ऊँचे जैतखाम का निर्माण और पंथी नृत्य को वैश्विक पहचान दिलाने में सहभागी बनने का अवसर मिलना मेरे जीवन का परम सौभाग्य रहा है और अब दिल्ली में समाज के भवन आवंटन के लिए पूरा प्रयास करूंगा।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमहंत दसेराम खाण्डे के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमहंत राजेश्वर भार्गव, राजमहंत सुन्दर समा बंजारे, राजमहंत सी. आर. टंडन, राष्ट्रीय महासचिव राजमहंत प्यारेलाल कोसिरिया, राष्ट्रीय सचिव राजमहंत जे. पी. कोसले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजमहंत लालचंद मोहले, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजमहंत पी. के. घृतलहरे तथा राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुन्ती जांगड़े सहित महासभा के पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202608092100035
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण (1) दलजीत कौर पति स्व. चरणजीत सिंह उम्र 58 वर्ष (2) पवनदीप सिंह भाटिया पिता स्व. चरणजीत सिंह उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक क्रमांक 1 के पति, आवेदक क्रमांक 2 के पिता स्वर्गीय चरणजीत सिंह एवं दविन्दर सिंह, तजिन्दर सिंह तथा प्रीतम कौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड डोंगरगढ़ शहर के शीट क्रमांक 6, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव में भूखण्ड क्रमांक 1867/3 क्षेत्रफल 2280.00 वर्गफीट भूखण्ड स्थित है। आवेदक क्रमांक 1 के पति, आवेदक क्रमांक 2 के पिता स्वर्गीय चरणजीत सिंह पिता रवेल सिंह की मृत्यु दिनांक 10/10/2025 को हो चुकी है। आवेदकगण मृतक चरणजीत सिंह के वैध वारिसान है इनके अलावा अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है जिस कारण मृतक चरणजीत सिंह का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम नामांतरण कर नजूल अभिलेख दुरूस्त किया जाना आवश्यक है तथा अन्य खातेदार का नाम यथावत रहेगा। डोंगरगढ़ शहर के शीट क्रमांक 6, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव में भूखण्ड क्रमांक 1867/3 क्षेत्रफल 2280,00 वर्गफीट के नजूल अभिलेखों से मृतक चरणजीत सिंह का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम नामांतरण कर नजूल अभिलेख दुरूस्त कर तथा शेष खातेदार का नाम यथावत् रखे जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/09/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) संभाग कांकेर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ज्ञाप क्र.- 1787/NIT-26/व.ले.लि./2026-27 — कांकेर, दिनांक 07/09/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16/09/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 24/09/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 25/09/2026 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| NIT-26 T0031 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |
| NIT-26 T0032 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग नारायणपुर अंतर्गत विश्राम गृह एवं विश्राम भवन में वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.00<br>5000.00<br>75000.00 |
| NIT-26 T0033 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न राजकीय उच्चतर विद्यालय व महाविद्यालय भवनों में वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 9.00<br>6750.00<br>135000.00 |
| NIT-26 T0034 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न माध्यमिक विद्यालय भवनों में वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 7.00<br>5250.00<br>105000.00 |
| NIT-26 T0035 | लो.नि.वि. वि./यां. उपसंभाग नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों में वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 9.00<br>6750.00<br>135000.00 |

नोट:- 1) प्रत्येक निविदा हेतु निविदाकरों की श्रेणी ई- पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक ।
2) प्रत्येक निविदा हेतु कार्य की अवधि दिनांक 31/03/2026 तक होगी, वर्षा ऋतु सहित।
3) प्रत्येक कार्य हेतु निविदा प्रपत्र की कीमत रू. 750/- एवं निविदा प्रपत्र का प्रकार 'अ'।
4) अमानत राशि हेतु प्रस्तुत FDR/TDR में फर्म का नाम एवं कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (वि/या) संभाग कांकेर के नाम से जारी होना चाहिए।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.pwd.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.)
संभाग-कांकेर (छ.ग.)

जी-262703162/5

## एक नजर

### छग में स्वाइन फ्लू का बढ़ा प्रकोप एक दिन में 46 नए मरीज मिले

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में एक ही दिन में 46 नए स्वाइन फ्लू पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। इनमें अकेले रायपुर जिले में 19 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जनवरी 2026 से अब तक प्रदेश में स्वाइन फ्लू के कुल 298 मामले दर्ज हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रायपुर में आज 19 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जिले में जनवरी 2026 से अब तक स्वाइन फ्लू के 127 मामले सामने आ चुके हैं। यह प्रदेश के सभी जिलों में सबसे अधिक है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक आज प्रदेश के अलग-अलग जिलों में स्वाइन फ्लू के नए मामले सामने आए हैं। इस तरह प्रदेश में एक दिन में कुल 46 नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं।

### कांग्रेस संगठन की सदस्यता में भी भ्रष्टाचार, : संजय

**रायपुर, 9 सितम्बर।** यूथ कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में पैसे लेकर सदस्यता देने का मामला सामने



आने पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। श्रीवास्तव ने कहा कि यूथ कांग्रेस के चुनाव में सदस्य बनाने के नाम पर पैसे लिए जाने के आरोप बेहद गंभीर हैं। यदि संगठन के चुनाव के लिए सदस्यता अभियान में ही आर्थिक लेन-देन के आरोप सामने आ रहे हैं, तो यह कांग्रेस की कार्यप्रणाली और संगठनात्मक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता बड़े-बड़े घोटालों और भ्रष्टाचार  के आरोपों से घिरे रहे हैं और अब यदि उसी पार्टी के संगठनात्मक विस्तार एवं सदस्यता प्रक्रिया में भी पैसे लेने के आरोप सामने आते हैं, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन का विषय होना चाहिए।

### रेलमंत्री यात्रियों को कर रहे गुमराह : विकास

**रायपुर, 9 सितंबर।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने यात्रियों को रेलवे की तरफ



से लगातार दी जा रही असुविधाओं को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर सीधा सवाल उठाया और कहा कि पूर्व की अपेक्षा देश में रेल यात्रीयों को काफी प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों से यात्री परेशान हो रहे हैं, कनेक्टिंग ट्रेन में यात्री रोजाना फंसे जा रहे हैं, पहले तो यदि ट्रेन लेट हो जाती थी तो दूसरी ट्रेन आसानी से मिल जाती थी लेकिन अब यात्रीयों के लिये बने विभिन्न तरह के रेल नियम से यात्रियों को सुविधा मिलने की बजाय उन पर आफत आ रही है और वे लगातार मिल रही असुविधा से बेतहाशा परेशान हो रहे हैं, साथ ही यात्रियों के साथ टिकट कैंसिलेशन को लेकर अन्याय भी हो रहा है। उपाध्याय ने अखबार के माध्यम से मिले जानकारी के अनुसार टिकट कैंसिलेशन के नियम को बताया, जिसमें ट्रेन छूटने के बाद कैंसिलेशन में कोई रिफंड नहीं किया जायेगा, ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले कैंसिलेशन में भी कोई रिफंड नहीं होगा, ट्रेन छूटने के 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिलेशन 50 प्रतिशत रिफंड होगा, 72 से 24 घंटे के बीच 75 प्रतिशत रिफंड और 72 घंटे से पहले सिर्फफ्लैट कैंसिलेशन चार्ज कटेगा बाकि रिफंड करने का नियम है। उपाध्याय ने कहा कि इस नियम से ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी ही नहीं उनके साथ घोर अन्याय किया जा रहा है एक तो वर्तमान में रेलवे की मिल रही सुविधाओं को पूरे देश की जनता देख चुकी है कि कैसे बद से बत्तर सुविधायें हो रखी हैं।

### जकात फाउंडेशन ने 350 बच्चों को स्कॉलरशिप से नवाजा




**रायपुर, 9 सितंबर।** छत्तीसगढ़ ज़कात फाउंडेशन, रायपुर द्वारा मिशन तालीम के अंतर्गत आयोजित 12वाँ एज़ाज़ी प्रोग्राम रविवार, 6 सितम्बर 2026 को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, जी.ई. रोड, रायपुर में आयोजित किया गया। बच्चों, शिक्षकों और पालकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में रायपुर एवं आसपास के करीब 350 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई, जबकि वर्ष 2026 में पूरे छत्तीसगढ़ के करीब 1, 000 विद्यार्थियों को लगभग ?52 लाख की छात्रवृत्ति दिए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले 68 शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बच्चों, खेल प्रतिभाओं, शैक्षणिक टॉपर्स तथा उर्दू-अरबी कैलीग्राफी और हीना आर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अकरम सिद्दीकी, एस. एम. हाशिम, शकील अहमद, मोहम्मद नूर बशीर खान, आबिद खान, शकील रज़ा मुतवल्ली, अशफाक कुरैशी, इमरान नदीम, रफीक खान, गुलज़ेब अहमद, डॉ. शाहिद, डॉ. सितारा, नज़र हसन हुसैनी, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी मोहम्मद शाहिद मौजूद रहीं।

#### निधन

### लक्ष्मी रामलाल पसेरिया



रायपुर, 9 सितम्बर। विकास नगर गुढ़ियारी निवासी लक्ष्मी रामलाल पसेरिया का निधन हो गया है। मारवाड़ी श्मशान घाट में अंत्येष्टि की गई।

## गणेशोत्सव से पहले अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन

### लोधीपारा में चला बुलडोजर, मालवीय रोड में सड़क पर रखे सामान जब्त



**रायपुर, 9 सितम्बर।** आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को देखते हुए रायपुर पुलिस कमिश्नरेट और नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान छेड़ दिया है। पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन और डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई स्थानों पर सामान जब्त किया गया, जुर्माना वसूला गया और अवैध निर्माणों पर बुलडोजर भी चलाया गया।

यातायात पुलिस और नगर निगम की टीम प्रहरी ने कोतवाली चौक से मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक तक लगातार दो दिनों तक संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रहे 50 से अधिक दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 ठेले, 12 टेबल, 15 कपड़ा स्टैंड, 5 फ्लेक्स बोर्ड और तिरपाल स्टैंड जब्त किए गए। साथ ही 4 हजार रुपये का अर्थदंड भी वसूला गया।

वहीं लोधीपारा चौक से मंडी गेट मार्ग पर गणेशोत्सव के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया गया। यहां तीन अवैध अस्थायी अतिक्रमणों को बुलडोजर से हटाया गया और 11 दुकानों की अवैध प्रचार सामग्री जब्त की गई। कार्रवाई के बाद मार्ग पर लगने वाले जाम से राहत मिली और यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने व्यापारियों और नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क, फुटपाथ और डिवाइडर पर सामान या प्रचार सामग्री रखकर यातायात बाधित न करें और प्रशासन का सहयोग करें।

## गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप से छेड़छाड़ पर संत समाज नाराज

### प्रशासन को चेतावनी- कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क पर उतरेंगे

**रायपुर, 9 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में गणेश प्रतिमाओं के मूल स्वरूप में बदलाव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रतिमाओं के स्वरूप से कथित छेड़छाड़ को लेकर संत समाज और हिंदू संगठनों में नाराजगी बढ़ गई है। संत समाज के पदाधिकारी और संगठन से जुड़े लोग मूर्तिकारों के पंडाल एवं प्रतिमा निर्माण स्थलों का जायजा ले रहे हैं और प्रशासन से पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने की मांग कर रहे हैं।

संत समाज के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद और छत्तीसगढ़ बजरंग दल के संयोजक भूषण साहू ने गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप में बदलाव को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषय में प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए और मूर्तिकारों को जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराना चाहिए। स्वामी राजेश्वरानंद और भूषण साहू ने प्रशासन से मांग की है कि मूर्ति निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाए।



#### प्रशासन की निगरानी को लेकर उठे सवाल

संत समाज का आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा गणेश प्रतिमाओं के स्वरूप को लेकर निर्देश जारी किए जाने के बावजूद निर्माण स्थलों पर इनका पालन हो रहा है या नहीं, इसकी पर्याप्त निगरानी नहीं की जा रही है।

संत समाज ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय रहते मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन का कहना है कि गणेश प्रतिमाओं के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। संत समाज के अनुसार, पिछले वर्ष भी जिला प्रशासन की ओर से गणेश प्रतिमाओं के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ नहीं करने को लेकर निर्देश जारी किए गए थे। अब संगठन का आरोप है कि इन निर्देशों के बावजूद नियमों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है। फिलहाल मामले को लेकर संत समाज और प्रशासन के बीच आगे क्या कार्रवाई होती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## यूसीसी का असली ड्राफ्ट तो नागपुर, दिल्ली से तय है: बैज

**रायपुर, 9 सितंबर।** यूसीसी के नाम पर 'सर्वसमावेशी सुझाव और सर्वे' के दावों को केवल आईवॉश (दिखावा) बताते हुए प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकारी दावें की हकीकत यह है कि बंद कमरों में एक अधिनायकवादी सरकार का ड्राफ्ट पहले से तैयार है, जिसे छत्तीसगढ़ की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता पर जबरन थोपने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा सरकार यूसीसी के नाम पर जो सुझाव और सर्वे का नाटक रच रही है, वह पूरी तरह से फर्जी और पूर्व-नियोजित है। असली ड्राफ्ट दिल्ली के बंद कमरों में पहले ही लिखा जा चुका है, जिसमें छत्तीसगढ़ के आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की राय के लिए कोई स्थान नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक स्वायत्तता, मान्य प्रथा, परंपरा और रूढ़िगत अधिकारों पर एक सुनियोजित डाका है, जिसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## निशि ठाकुर ने समाज को गौरवान्वित किया

**रायपुर, 9 सितंबर।** मैथिल ब्राह्मण समाज की बेटी निशि ठाकुर में अपने माता-पिता पेंशन बाड़ा परिवार के साथ मैथिल ब्राह्मण समाज को भी



गौरवान्वित किया। राज्य सरकार का नारा भी रहा है बेटी पढ़ेगी-बेटी गढ़ेगी आज बेटी प्रगति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंची है। जैसा कि आप सबको विदित है कि पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वाविद्यालय अन्तर्गत शोधकेन्द्र अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती की शोधार्थी  निशी ठाकुर को वाणिज्य विषय मे पी एच डी की उपाधि प्रदान की गयी हैं. उनके शोध का विषय ग्रामीण परिवेश क़े आर्थिक विकास मे छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा- गरुवा -घुरुवा -बारी योजना की भूमिका का अध्ययन (रायपुर संभाग क़े विशेष सन्दर्भ में) रहा. उन्होंने अपना शोध कार्य अग्रसेन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ शोभा अग्रवाल क़े मार्गदर्शन मे पूर्ण किया हैं.निशी ठाकुर श्रीमती रीता ठाकुर एवं  श्री मोहन कुमार ठाकुर की पुत्री एवं श्री सोहन ठाकुर की भतीजी हैं..उन्होंने अपने शोध का श्रेय अपने पिता,परिवार क़े प्रत्येक सदस्य, गुरु जनो एवं मित्रो को दिया हैं।

## नागरिक समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय का घेराव

**रायपुर, 9 सितम्बर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम जोन क्र- 8 के अंतर्गत आने वाले कबीरनगर, हीरापुर, टाटीबाँध, कोटा, अशोक नगर, सरोना, रायपुरा, कुकुरबेड़ा वार्डो के नागरिकोंकी समस्याओं को लेकर महोबाबजार स्थित जोन क्र- 8 का 2 घंटे तक घेराव किया गया। शहर जिला कांग्रेसमें अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में सैकड़ो जी संख्या में महिलाए एवं आम नागरिक उपस्थित थे जो सफाई, पेयजल, सडको पर गड्ढे, बंद स्ट्रीटलाइट के साथ साथ जलभराव, सड़का जाम जैसी परेशानियोंकोले कर आक्रोशित थे। प्रदर्शनकारियो की बड़ी संख्या को देख कर पुलिस प्रशासन ने मुख्य द्वार के बाहर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकरियों को



रोकने का प्रयास किया लेकिन नारेबाज़ी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेटिंग को ढककर मार हटाते हुए जोन कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचे जहाँ बड़ी संख्या में पुलिस बल ने चैनल गेट को ताला लगा कर अधिकारियों को अंदर बंद कर दिया था। गेट बंद होने से प्रदर्शनकारी गेट के सामने ही धरने पर जमींन पर बैठ गए और जम कर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस जन एवं साथ आये जोन के विभिन्न वार्डो के रहवासियों ने महापौर, विधायकों, जोन अध्यक्ष, पार्षदों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली को संरक्षण के आरोप के नारे लगाए।

## विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ः कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने अपने नए शैक्षणिक सत्र के फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए एक भव्य इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और फ्रेशर्स के उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को यूनिवर्सिटी के माहौल, नियमों और शैक्षणिक प्रणाली से परिचित कराना था।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चडूत्त के वाइस-चांसलर, प्रो. वाई. नरसिम्हुलु ने नए बैच का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी यूनिवर्सिटी लाइफको केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान, सच्चाई और मजबूत चरित्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। प्रो. नरसिम्हुलु ने छात्रों के समग्र विकास (होलिस्टिक डेवलपमेंट) और इनोवेशन पर विशेष ज़ोर दिया। यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक और शैक्षणिक ढांचे की जानकारी देते हुए रजिस्ट्रार डॉ. रितेश देवांगन ने छात्रों को एकेडमिक स्ट्रक्चर, कैंपस के नियमों, अनुशासन और स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप सोनकर ने छात्रों को एग्जाम पैटर्न, इवैल्यूएशन प्रक्रिया, क्रेडिट सिस्टम और एकेडमिक इंटेग्रिटी (शैक्षणिक ईमानदारी) से अवगत कराया।

## दादाबाड़ी में भक्ति कॉन्सर्ट



**रायपुर, 9 सितंबर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नवांगी पूजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रातः जिनमंदिर के पट खुलते ही श्रावक श्राविकाओं का आना आरम्भ हो गया सर्वप्रथम स्नात्र पूजन के परमात्मा का जन्मकल्याणक मनाया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस की प्रभु भक्ति जेन के नाम रही। बच्चों के सुप्रसिद्ध विरति ग्रुप की लब्धि परिधि व प्रणीत भंसाली ने मंगलाचरण के बाद हाथों में लेके गुलाब चला रे मैं तो सीमंधर प्रभु के द्वार चला रे भजन से आगाज किया। जीवों पे जो हर पल करता करुणा की बरसात, महापर्व पर्यूषण है यह पर्वों का सरताज गीत से भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो को गुंजायमान कर दिया। हाथों में ले के गुलाब चला रे मैं तो सीमंधर प्रभु के द्वार चला रे, और हमको नही निराश होना चाहिए दादा पे विश्वास होना चाहिए भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे। आज की प्रभुभक्ति के लाभार्थी संतोष सरला देवी बैद परिवार हैं। कल 9 सितम्बर को भैरव भक्त मण्डल द्वारा प्रभु भक्ति होगी। जिसके लाभार्थी राजेश करुणा सिंघी परिवार हैं। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि जैन धर्म में मानव सेवा जीव दया करुणा का विशेष महत्व है।

## 11 सितंबर को इंद्रावती भवन में जुटेंगे कर्मचारी

**रायपुर, 9 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में 55 से ज्यादा कर्मचारी संगठनों ने लंबित मांगों को लेकर 11 सितंबर को इंद्रावती भवन में प्रदर्शन का ऐलान किया है। डीए 86 महीने के एरियर्स, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, ओपीएस और कैशलेस इलाज जैसी मांगें प्रमुख हैं। छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों और पेंशनर्स का गुस्सा अब सड़क पर दिखने वाला है। 55 से ज्यादा कर्मचारी संगठनों ने एक साथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। 'एक मांग-एक मंच अभियान' के तहत 11 सितंबर को इंद्रावती भवन में कर्मचारी सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**एक मंच पर तीन वर्ग:** प्रदर्शन में नियमित कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी और पेंशनर्स एक साथ नजर आएंगे। 11 सितंबर को दोपहर भोजनावकाश के दौरान इंद्रावती भवन के गेट नंबर-3 पर प्रदर्शन होगा। कर्मचारियों का कहना है कि यह सिर्फदिखावे का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि सरकार को अपनी लंबित मांगों की याद दिलाने की शुरुआत है।

**55 से ज्यादा संगठन साथ:** अभियान का नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया, छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर और छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू कर रहे हैं। संगठनों का दावा है कि 55 से ज्यादा कर्मचारी संघ इस आंदोलन के समर्थन में हैं।

**गारंटी याद दिलाई :** कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर चुनावी वादे भूलने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव से पहले जारी 'छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023' में कर्मचारियों, अधिकारियों और पेंशनर्स के लिए कई वादे किए गए थे। अब कर्मचारी पूछ रहे हैं कि उन वादों पर अमल कब होगा? संगठनों का आरोप है कि मांगों को लगातार टालने से कर्मचारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

#### अनियमितों को नौकरी की गारंटी

दूसरी बड़ी मांग अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की है। संगठनों ने सेवा से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने, कम मानदेय पाने वालों को न्यूनतम वेतन देने और अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने की मांग की है। साथ ही आउटसोर्सिंग और ठेका व्यवस्था खत्म करने की बात कही है।

#### अब सरकार के जवाब का इंतजार

कर्मचारी संगठनों ने साफकर दिया है कि 11 सितंबर का प्रदर्शन उनकी पांच मांगों को लेकर सरकार को सीधा संदेश होगा। प्रदर्शन के बाद मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। अब नजर इस बात पर है कि सरकार इन मांगों पर बातचीत का रास्ता खोलती है या कर्मचारी आंदोलन को आगे बढ़ाने का फैसला लेते हैं।

#### पहली मांग डीए और 86 महीने का पैसा

कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग महंगाई भत्ते और बकाया एरियर्स को लेकर है। संगठनों ने जनवरी 2026 से डीए देने और 86 महीने का बकाया एरियर्स देने की मांग रखी है। उनका कहना है कि लंबे समय से अटके इस पैसे का इंतजार कर्मचारी कर रहे हैं। नगरीय निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग भी आंदोलन में शामिल है। स्वास्थ्य विभाग में लैब और फार्मेसी से जुड़ी ठेका व्यवस्था खत्म करने की मांग की गई है। इसके अलावा कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर 20 लाख रुपए तक कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू करने की मांग है।

## श्रीकृष्ण जी की झांकी में भारती को प्रथम व प्रशांत को द्वितीय पुरस्कार



**रायपुर, 9 सितम्बर।** महाकोशल कला परिषद रायपुर, अग्रवाल युवती मंडल, अग्रवाल सभा तथा गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित चतुर्थ कृष्ण श्रृंगार स्पर्धा-2026 के परिणाम निर्णायक समिति द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. भावना शाह एवं डॉ. शिखर शर्मा शामिल थे। प्रदेश स्तरीय इस स्पर्धा में प्रशांत एवं मंजूषा शर्मा के निवास स्थान पर सजाई गई श्रीकृष्ण की भव्य झांकी को महाकोशल कला परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ संपूर्ण झांकी वर्ग में द्वितीय स्थान प्रदान किया गया।  इस सम्मान पर प्रशांत शर्मा एवं मंजूषा शर्मा ने चयन समिति के सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। झांकी में भारती को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

### कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में शामिल हुए तिवारी




**रायपुर, 9 सितम्बर।** जिला स्तरीय कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की तथा सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। भगवान श्रीकृष्ण केवल आस्था के केंद्र ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य, प्रेम, करुणा, नीति और कर्म के प्रतीक हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से मानव जीवन को कर्म, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मनुष्य को सत्य और धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। बाल्यकाल से ही उनका गौमाता और ग्वाल-बालों के साथ गहरा संबंध रहा, इसलिए श्रीकृष्ण की भक्ति में गौसेवा और गौसंरक्षण का विशेष महत्व माना जाता है।

### PICTURE-स्टोरी



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26